24 page 1_01.qxd 10/23/2023 10:02 PM Page 1

दैनिक
भरोसा मित्र

विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएं

बात सिर्फ भरोसे की

■ वर्ष:1 ■ अंक: 45 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ मंगलवार ■ 24 अक्टूबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117

विज का बड़ा एक्शन

पुलिस के करीब 372 जांच अधिकारियों के सस्पेंड करने के लिए दिए आदेश

चंडीगढ़। राज्य के स्वास्थ्य और गृहमंत्री अनिल विज ने सोमवार को करीब 3229 लंबित मामलों पर कार्रवाई न किए जाने पर डीजीपी को 372 जांच अधिकारियों को निलंबित किए जाने के आदेश दिए हैं। उन्होंने इस संबंध में बार बार कारण बताने व उचित करवाई न करने को लेकर पहले भेजे जा चुके हैं रिमाइंडर स्प्ष्टीकरण भी मांगा गया था। सभी लंबित पड़े मामलों को संबंधित डीएसपी के पास भेजने के लिए कहा इनका एक महीने में निपटारा करना होगा नही तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ भी होगी कार्रवाई। गृहमंत्री के कार्यालय के अधिकारियों के अनुसार बार-बार कारण बताने और उचित करवाई करने को लेकर पहले कई रिमाइंडर जांच अधिकारियों को भेजे गए, इस कार्रवाई से पहले गृहमंत्री की ओर से एक्सप्लेनेशन कॉल भी किया गया, लेकिन कोई जवाब नहीं आने के बाद यह कदम उठाया गया है। अधिकारियों का कहना है कि राज्य के कई थानों में 5 साल से शिकायतें पेंडिंग पड़ी हैं। जिलों में 372 जांच अधिकारी को निलंबित किया गया है। उनमें गुरुग्राम में 60, फरीदाबाद 32, पंचकूला 10, अंबाला 30, यमुनानगर 57, करनाल 31, पानीपत 3, हिसार 14, सिरसा 66, जींद 24, रेवाड़ी 5, रोहतक 31 और सोनीपत में 9 आईओ है।

अफगानिस्तान ने रचा इतिहास, विश्व कप वनडे में पहली बार पाकिस्तान को हराया

ई- संजीवनी से देश में डिजिटल स्वास्थ्य का युग आया : सीएम

ई-संजीवनी ओपीडी के माध्यम से प्रदेश में एक लाख 2 हजार परामर्श दिए गए : मनोहर लाल

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया के विजन के अनुरूप सुदूर क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने के उद्देश्य से नवम्बर 2019 में शुरू हुई ई-संजीवनी सेवा आज बेहद कारगर साबित हो रही है। हरियाणा में भी ई-संजीवनी ओपीडी की सेवाएं 16 अगस्त 2021 से 24 घंटे उपलब्ध कराई जा रही हैं। ई-संजीवनी ओपीडी के माध्यम से 1 लाख 2 हजार परामर्श दिए गए हैं। ई-संजीवनी इस बात का प्रमाण हैं कि भारत में डिजिटल स्वास्थ्य का युग आ चुका है। मुख्यमंत्री आज यहां सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम के तहत ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ई-संजीवनी स्वास्थ्य सेवा के लाभार्थियों से सीधा संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौर में घर से बाहर निकलना जोखिमपूर्ण था। इस वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए लॉकडाउन लगाना पड़ा था। उस समय लोग बीमार होने पर कोविड से बचाव को ध्यान में रखते हुए अस्पताल जाने से डरते थे। यदि अस्पताल जाएं भी तो वहां मरीजों की भारी संख्या के चलते डॉक्टर से मिल पाना बहुत मुश्किल था।

ऐसे समय में घर बैठे चिकित्सीय परामर्श लेकर उपचार करवाने के लिए ई-संजीवनी सेवा अत्यंत कारगर साबित हुई। हरियाणा में इस सेवा की शुरुआत 1 मई, 2020 को की गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने हर व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए टेलीपरामर्श को व्यापक और सशक्त बनाया है। प्रदेश के हर जिला सिविल अस्पताल में एक-एक अर्थात 22 टेलीकंसल्टेशन हब स्थापित किये गये हैं।

- हर जिले के सिविल अस्पताल पर टेलीकंसल्टेशन हब किये स्थापित

गरीब व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में दिया योगदान

मनोहर लाल ने कहा कि ई-संजीवनी के माध्यम से टेलीकंसल्टेशन सेवाओं से हरियाणा के स्वास्थ्य परिदृश्य में उल्लेखनीय बदलाव हुआ है। इस सेवा से मरीजों के इलाज का खर्च न के बराबर है और आने जाने की दिक्कत भी खत्म हुई है। साथ ही चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में भी सुधार हुआ है। इसका एक और लाभ यह भी है कि एक स्थान पर अपने घर बैठे व्यक्ति प्रदेश के किसी भी कोने में स्थित सरकारी चिकित्सा संस्थान के डॉक्टरों से परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ई-संजीवनी सेवाओं ने हमारे गरीब से गरीब व्यक्ति तक उच्चकोटि की स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान किया है।

क्या सुविधा मिलती है

पूर्व मुख्यमंत्री ने सरकार पर साधा निशाना

किसानों को खाद, बीज, एमएसपी और मुआवजा देने में सरकार नाकाम : भूपेंद्र हुड्डा

डीएपी की किल्लत और कालाबाजारी से जूझ रहे किसान, मूकदर्शक बनी सरकार

भरोसा मित्र ब्यूरो

चंडीगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि प्रदेश के किसान डीएपी खाद की किल्लत और कालाबाजारी से जूझ रहे हैं। उन्होंने खाद की आपूर्ति बढ़ाने की मांग उठाई है। हुड्डा ने कहा कि आलू बुवाई शुरू हो गई है, अब सरसों के बाद गेहूं की बिजाई शुरू होगी। लेकिन, सरकार द्वारा किए जा रहे तमाम दावों की अभी से पोल खुल गई है। किसानों को खाद के लिए घंटों लंबी क़तारों में इंतजार करना पड़ रहा है। खाद की लाइन में इंतजार कर रहे फतेहाबाद के एक किसान की मौत भी हो गई। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार द्वारा कागजों में खाद के भंडार दिखाए जा रहे हैं। लेकिन वह किसानों तक नहीं पहुंच रहे। इससे स्पष्ट है कि खाद की कालाबाजारी हो रही है। प्रदेश के 22 जिलों की सहकारी समितियों पर डीएपी नहीं मिल रहा है और निजी दुकानदार डीएपी के साथ किसानों को जबरदस्ती सल्फर की थैली बेच रहे हैं। हर सीजन में बीजेपी-जेजेपी द्वारा किसानों के साथ इसी तरह खिलवाड़ किया जाता है। थानों में खाद बंटवाने का कीर्तिमान इसी सरकार के नाम दर्ज है। छोटे-छोटे बच्चों और महिलाओं तक को भी लंबी कतारों में लगना पड़ता है। बावजूद इसके कभी भी सरकार ने वक्त रहते खाद का बंदोबस्त नहीं किया। हुड्डा ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी सरकार ना किसानों को वक्त पर खाद दे पा रही हैं, ना एमएसपी और ना ही मुआवजा। हर सीजन की तरह इस सीजन का उदाहरण भी सबके सामने है। धान और बाजरा किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए कई-कई दिनों तक इंतजार करना पड़ा। सरकारी खरीद नहीं हो रही, जिसके चलते बड़ी संख्या में किसान अपनी फसल एमएसपी से कम रेट पर प्राइवेट एजेंसी को बेचने को मजबूर हुए। इसी तरह पिछले दिनों आई बाढ़ से प्रभावित किसान अब तक मुआवजे का इंतजार कर रहे हैं। बाढ़ के वक्त उन्होंने खुद पूरे हरियाणा में बाढ़ का जायजा लिया था और उसी वक्त किसानों के लिए जल्द से जल्द उचित मुआवजा देने की मांग उठाई थी। लेकिन, सरकार ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। आज इसी का खामियाजा प्रदेश का अन्नदाता भुगत रहा है।

शराब पर टैक्स चोरी बर्दाश्त नहीं होगी : दुष्यंत चौटाला

- शराब की ट्रैकिंग होगी और प्रत्येक बोतल और पेटी पर क्यूआर कोड लगाया जाएगा

भरोसा मित्र ब्यूरो

चंडीगढ़। शराब पर लगने वाले टैक्स की चोरी को रोकने के लिए हरियाणा सरकार ने सख्त रवैया अपनाया है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने आज बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डिस्टलरी से लेकर दुकान तक शराब की ट्रैकिंग होगी और हर बोतल और पेटी पर क्यूआर कोड लगाया जाएगा। इस प्रकार सरकार की हर बोतल पर निगाह रहेगी।

डाटा की होगी जांच

डिप्टी सीएम अयहां आबकारी विभाग की बैठक निर्देश दिए कि ऐसा ऑनलाइन सिस्टम तैयार किया जाए जिससे डिस्टलरी में शराब का उत्पादन, स्टॉक, वाहन में रवानगी तथा दुकान तक पहुंचने और दुकान में भी बिक्री और स्टॉक का सारा डाटा दर्ज किया जा सके। समय-समय पर सरकार इस डाटा करेगी।

सिस्टम के ड्रॉफ्ट की समीक्षा

विभाग द्वारा तैयार किए गए सिस्टम के ड्रॉफ्ट की समीक्षा करते हुए उन्होंने अन्य सूचनाएं भी ऑनलाइन करने के निर्देश दिए। अधिकारियों से कहा कि शराब की प्रत्येक बोतल पर क्यूआर कोड अंकित किया जाए। फिर हर पेटी पर अलग क्यूआर कोड होना चाहिए। तभी यह पता चल सकेगा कि इसमें कौन -कौन से क्यूआर कोड की बोतलें हैं। उन्होंने कहा कि इस कदम से जहां शराब की तस्करी पर रोक लगेगी ।

सीएम फ्लाइंग ने अवैध टेलीफोन एक्सचेंज का किया पर्दाफाश

आतंकवादी संगठनों से इसके लिंक की हो रही जांच

भरोसा मित्र ब्यूरो

सोनीपत। सीएम फ्लाइंग ने रेड कर एक अवैध टेलीफोन एक्सचेंज का भंडाफोड़ किया है। इस टेलीफोन एक्सचेंज को गांव भैंसवाल निवासी विकास वर्मा उर्फ विकास मोहम्मद चला रहा था। उसके खिलाफ पहले से ही देशद्रोह का केस चल रहा है। फिलहाल वह जमानत पर देश से बाहर था। पुलिस पता लगा रही हे कि कहीं इस एक्सचेंज का लिंक आतंकवादी संगठनों से तो नहीं है।

सीएम फ्लाइंग के डीएसपी अजीत सिंह ने बताया कि उन्होंने टेलीफोन कंपनी के कर्मियों के साथ मिलकर सेक्टर-33 स्थित सुपरमैक्स सोसाइटी के एक फ्लैट में रेड की। यहां पर एक अवैध टेलीफोन एक्सचेंज चलता पाया गया। टीम ने वहां से विकास वर्मा उर्फ विकास मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। वहां टीम ने एक मशीन, लैपटॉप, दो सेटअप बॉक्स, उनमें लगे 38 सिम व 36 अलग सिम बरामद किए हैं। अजीत सिंह ने बताया कि जांच में पता चला कि विकास वर्मा देश के साथ ही विदेश में भी कॉल फारवर्ड कर सकता है। पुलिस को उसके आतंकी, संदिग्ध गतिविधियों व देशद्रोह में लिप्त विदेशियों से लोगों की बातचीत कराने का शक है। उससे पूछताछ की जा रही है।

खबर फटाफट

फायरकर्मियों की छुट्टियां रद्द

सोहना : दिवाली के त्यौहार पर सुरक्षा के मद्देनजर इस बार यहां पर दमकल विभाग में कार्यरत फायरकर्मियों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गई है। दिवाली बाजार शहर के स्टेडियम में लगाया जाएगा। स्टेडियम में दिवाली बाजार की दुकान लगाने वाले दुकानदारों को अपनी-अपनी दुकानों के बीच कम से कम 3 मीटर की दूरी बनाए रखने तथा दुकानदारों को यू-शेप में लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। सर्कल एसडीएम प्रदीप कुमार ने बताया कि दिवाली के त्यौहार पर कई बार आगजनी का खतरा बना रहता है। इसलिए दमकल विभाग ने सभी फायरकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। उन्होंने बताया कि दीवाली बाजार में दुकानदारों को अपनी-अपनी दुकानों पर रेत से भरी बोरियों के साथ-साथ आग बुझाने वाले सिलेंडर और नगरपरिषद प्रशासन को स्टेडियम मैदान में चौबीसों घंटे एक दमकल गाड़ी पूरा वक्त पानी से भरकर खड़े रखने के निर्देश नगरपरिषद प्रशासन को दिए गए हैं।

एशियन स्कूल में मनाया गया दशहरा उत्सव

सोहना : यहां पर गांव खरौदा-हरचंदपुर के बीच स्थित एशियन पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में सोमवार को दशहरा पूर्व की पूर्व संध्या पर विद्यालय में दशहरा उत्सव का आयोजन हुआ। विद्यालय निर्देशिका भारती लोहिया के अनुसार इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सचिन लोहिया ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन से बुराई का अंत कर सादगीपूर्ण, अच्छा जीवन व्यतीत करना चाहिए। दूसरों की सहायता के लिए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों ने रावण का पुतला बनाया तो कक्षा छठी व सातवीं के विद्यार्थियों ने अपने घरों में मौजूद रहकर बेकार सामग्री से युद्ध में प्रयोग किए गए तलवार व भाले तथा सम्राटों के मुकुट तैयार कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने श्री रामचंद्र ,सीता ,लक्ष्मण आदि पात्रों की वेशभूषा को धारण करते हुए अपने चित्र प्रस्तुत किए कक्षा प्रथम, द्वितीय व तृतीय कक्षाओं के विद्यार्थियों ने रामायण के पात्रों के चित्र बनाए।

भक्तों ने मां भगवती का पूरी रात किया गुणगान

सोहना : वार्ड-16 के मोहल्ला पठानवाड़ा में बीती देर रात आयोजित किए गए मां भगवती जागरण का शुभारंभ स्थानीय व्यापार मंडल संघ के प्रधान व जाने-माने समाजसेवी मनोज बजरंगी ने किया। जागरण में आसपास रहने वाले प्रत्येक परिवार तथा आसपास लगते वार्डों और विभिन्न गांवों से सपरिवार आए आमंत्रितों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जागरण में प्रमुख लोगों के अलावा छत्तीस बिरादरी, सर्वजातीय समाज, विभिन्न स्वयंसेवी, धार्मिक संघों के प्रतिनिधि तथा विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के स्थानीय नेता भी उपस्थित रहे। जगराते में महामाई का गुणगान करने के लिए आए गायक कलाकारों ने अपने मधुर कंठ से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबो दिया।

ओमप्रकाश धनखड़ को दी जन्मदिन की बधाई

सोहना : भाजपा के भौंड़सी मंडल के अध्यक्ष रामकिशन राघव आज भाजपा के प्रदेश प्रमुख ओमप्रकाश धनखड़ से मिले और उन्हे दशहरा के त्यौहार की बधाई के साथ-साथ जन्मदिन की बधाई थी दी। उन्होंने अपने हाथों से धनखड़ को मिठाई खिलाई।

श्रीकृष्ण-सुदामा की तरह होनी चाहिए मित्रता : बजरंगी

सोहना : सोमवार को समाजसेवी व पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष हरीश नंदा राजू के सानिध्य में मित्र मिलन समारोह का आयोजन हुआ। समारोह के संयोजक सोहना व्यापारमंडल संघ के मनोज बजरंगी ने बताया कि समारोह में सोहना शहर के विभिन्न वार्डों, मोहल्लों और व्यापारियो के साथ-साथ आसपास लगते दर्जनों गांवों से आए आमंत्रितों ने साथियों समेत हिस्सा लिया। इस मौके पर मनोज बजरंगी ने श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता से उपस्थितों को अवगत कराया और कहा कि मित्रता में कभी जात, धन, पद आड़े नही आते है। मित्रता श्रीकृष्ण-सुदामा की तरह होनी चाहिए, जो निस्वार्थ हो। विपदा काल में एक मित्र दूसरे मित्र के काम आए। सही मायनों में वही सच्ची मित्रता कहलाती है। इस मौके पर रंगमंच कलाकार लाला देशराज गोयल, अग्रवालसभा के पूर्व उपाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, किरयाणा व्यापारी यूनियन के पूर्व प्रधान लाला बालकिशन गोयल व प्रदीप गर्ग, समाजसेवी पप्पू पठान, आर्यसमाज के प्रधान महेश आर्य, टेकचंद शर्मा आदि प्रमुख लोगों समेत सर्वजातीय समाज के प्रमुख लोगों और विभिन्न समाजों की मौजूद सरदारी ने भी अपने विचार रखे।

ओमप्रकाश धनखड़ की सराहना की

सोहना : भाजपा नेता समय सिंह भाटी ने कहा कि हरियाणा भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष चौधरी ओमप्रकाश धनखड़ की सराहना करते हुए कहा कि धनखड़ ने प्रत्येक मुकाम पर असाधारण कार्य किए हैं। वह अपनी सफलता का श्रेय पार्टी की रीतियों-नीतियों, शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन एवं कार्यकर्ताओं की मेहनत को देते हैं। यही वजह है कि ओमप्रकाश धनखड़ छोटे से छोटे कार्यकर्ता से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष की नजरों में अलग अहमियत रखते है। वर्तमान में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष चौधरी ओमप्रकाश धनकड़ ने संगठन को अपने अंदर पूरी तरह समेटा हुआ है। उन्होंने कहा कि ओमप्रकाश धनखड़ एक बहुत ही प्रायोगिक व्यक्तित्व है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने संगठन में भी बहुत से प्रयोग किए हैं।

श्रीराम जी के जीवन से प्रेरणा लें : मोहन प्रकाश कौशिक

सोहना : दौहला रोड स्थित डीवीएम सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रांगण में विजयदशमी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रधानाचार्या पूनम कौशिक के अनुसार महोत्सव में स्कूल के विद्यार्थियों ने श्रीराम के दूश्रंत का नाटय रूपातंरण प्रस्तुत कर उपस्थितों का मन मोह लिया।विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन मोहनप्रकाश कौशिक ने विद्यालय परिसर में भगवान श्रीराम जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके दिखाये रास्ते को अपनाने पर जोर दिया। उनहोंने कहा कि हमें श्रीराम जी के गौरवमयी जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए, जिन्होंने अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करने के लिए ना केवल राजपाट छोड़ दिया बल्कि 14 वर्ष तक वनवास भी काटा। बुराई के प्रतीक रावण के बनाए गए पुतले का दहन भी स्कूल परिसर में किया गया।

लापरवाह लोगों के कारण प्रदूषित हो रहा पर्यावरण, नगर परिषद बेफ्रिक

डंपिंग प्वाइंट पर जमा कूड़े में फिर लगी भयंकर आग

आग को नियंत्रित करने में फायर ब्रिगेड को करनी पड़ी कड़ी मशक्कत, मौके पर परिषद का नहीं आया कोई अधिकारी

खुलेआम उड़ाई जा रही हैं एनजीटी और पर्यावरण संरक्षण के निर्देशों की धज्जियां

उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र

सोहना । अरावली की तलहटी में नगरपरिषद द्वारा पुराने अलवर रोड पर अस्थाई रूप में बनाए गए डंपिंग प्वाइंट पर जमा कूड़े के ढेरों में सोमवार को दोपहर को भयंकर आग लग गई। आग ने इतनी तेजी पकड़ ली कि देखते ही देखते कूड़े के ढेरों में लगी आग दूर तक फैलती चली गई।

डंपिंग स्टेशन पर आग लगने की जानकारी पाकर दमकल उपकेन्द्र से पहुंची आग बुझाने वाली अग्निशमन गाड़ियां कूड़े के ढेर में लगी आग को बुझाने का प्रयास करती रही है। कड़ी मशक्कत के बाद वह आग पर काबू पर सकीं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दोपहर करीब तीन बजे डंपिंग स्थल पर कूड़े के ढेरों में आग लग गई। देखने वाली बात ये है कि द्वारा पुराने अलवर रोड पर अस्थाई रूप में जिस स्थान पर डपिंग प्वाइंट बना हुआ है, उसी के पास में आबादी क्षेत्र लगा हुआ है। पहाड़ कॉलोनी, पीर कॉलोनी, नट कॉलोनी, निरंकारी कॉलेज तथा कई स्कूल आसपास स्थित है। यहां पर कूड़ा निस्तारण की सुविधा ना होने से कूड़े के ढेरों का पहाड़ दिनोंदिन तेजी से बढ़ रहा है। आसपास रहने वाले लोगों का कहना है कि इस डंपिंग स्टेशन में तेजी से बढ़ रहे कूड़े के ढेरों को खत्म करने के लिए कभी दिन में तो कभी रात में चोरी-छिपे बार-बार आग लगाई जा रही है। कूड़े के ढेरों में लगी आग से उठ रहे धुएं से आसपास रहने वाले लोगों को सांस लेने में दिक्कतें आ रही है।

ताज्जुब की बात ये है कि नगरपरिषद के इस डंपिंग प्वाइंट पर भीषण आग लगने के बावजूद नगरपरिषद प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सोया रहा। परिषद के किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने घटनास्थल का मौका-मुआयना करना अथवा आग बुझाने के लिए कोई परामर्श तक देना मुनासिब नहीं समझा। वन विभाग की भूमि पर अवैध रूप से बनाए गए इस डंपिंग प्वाइंट के आसपास रहने वाले परिवारों का कहना है कि आए दिन रात के वक्त इन कूड़ों के ढेरों में चोरी-छिपे आग लगा दी जाती है। जिससे आसपास रहने वाले लोग परेशान है क्योकि कूड़े-कचरे में आग लगने से उठने वाला जहरीला धुआं उनके घरों में घुस आता है और ऐसे में घरों में सो रहे लोग अचानक धुएं की वजह से नींद से जागकर बाहर की तरफ भागते है, लेकिन इस तरफ ना तो नगरपरिषद प्रशासन ध्यान दे रहा है और ना ही सफाई एजेंसी। एनजीटी के प्रदूषण पर रोक लगाने वाले तमाम आदेश सोहना में मात्र कागजी दिखावा बनकर रह गए है। इसके अलावा भी शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेरों में आग लगाई जा रही है। इससे रोजाना शहर में प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है।

ग्रेप का दूसरा चरण कागजों में हुआ लागू, हवा में उड़ रहे रेता-बजरी

तेजी से बढ़ रहे प्रदूषण को रोकने के लिए सोहना समेत एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान यानि ग्रेप का दूसरा चरण लागू हो गया है लेकिन ग्रेप द्वारा लागू नियमों की यहां पर जगह-जगह सरेआम धज्जियां उड़ती नजर आ रही हैं। बाजार व गली-मोहल्लों में कही जरनेटर चल रहे है तो स्टेडियम के सामने नेशनल हाईवे के साथ लगते सर्विस रोड पर जगह-जगह खुले में बिना पानी के छिडक़ाव किए और बिना तिरपाल ढके रोड़ी, रेता-बजरी के ढेर लगे है, जो हवा चलने पर धूल बनकर वातावरण को प्रदूषित कर रहे है तो प्रदूषण के जिम्मेदार कंडम वाहन भी सडक़ पर बेरोकटोक भर्राटे भरते नजर आ रहे है तो भोर सवेरे शहर में कई स्थानों पर कूड़े के ढेरों में लगाई गई आग से प्रदूषण फैलता दिखाई पड़ा। शहर में जगह-जगह विभिन्न सड़क़ मार्गों पर धूल जमकर उड़ रही है। ना कही पानी का छिडक़ाव हो रहा है। ना कही ग्रेप के नियमों का पालन किया जा रहा है।यहां पर प्रशासनिक अधिकारियों की बरती जा रही लापरवाही के चलते ग्रेप के लागू किए गए नियम दिखावा भर नजर आ रहे है। काबिले गौर यह है कि प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की तरफ से प्रदूषण को बढ़ने से रोकने के लिए प्रतिबंध लगाया गया है। जिसके तहत जरनेटरों के साथ-साथ सडक़ों पर मैन्युल तरीके से झाडू लगाने, सार्वजनिक स्थानों पर रबड़, प्लास्टिक कचरा, कपड़ा, कूड़ा-कर्कट, टायर, कूड़ा जलाने, धूल आदि पर रोक लगाई गई है। इस दौरान ईंट-भटटे भी पूरी तरह बंद रहेंगे और लागू नियमों को कड़ाई से धरातल पर पालना के लिए सीपीसीबी और डीसीसी की टीमों को नियमित रूप से पेट्रोलिंग करने को कहा गया है। इस दौरान बिल्डिंग मैटेरियल बेचने वालों को ईंट, रोड़ी-रेता, बजरी पर बार-बार पानी का छिडक़ाव करने के साथ ही उसे मोटे तिरपाल से ढकना जरूरी बनाया गया है। ऐसा ना होने पर प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ चालान काटने के साथ-साथ पुलिस में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए है। सुप्रीमकोर्ट ने दस साल से पुराने डीजल वाहन और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहनों के एनसीआर क्षेत्र में चलने पर पूरी तरह रोक लगाई हुई है लेकिन यहां सडक़ों पर इससे भी पुराने और कंडम वाहनों को काला जहरीला धुआं उगलते और सडक़ों पर दौड़ लगाते देखा जा सकता है लेकिन यातायात पुलिस का इस तरफ ध्यान ही नही जा रहा है। नेत्र रोग चिकित्सक संजय जैन का कहना है कि प्रदूषण स्तर ज्यादा बढ़ा तो आंखों में जलन जैसी समस्याएं लोगों को आ सकती है।

राजस्व पटवारियों को दिए दिशा निर्देश

जिन पटवार सर्कलों में मुटेशन पैडिंग में पड़े है, उन्हे 2 घंटे के भीतर खारिज अथवा फैसला संबंधी कार्रवाई अमल में लाई जाए

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना । यहां पर तहसील कार्यालय में सोमवार को नायब तहसीलदार लच्छीराम ने तहसील के सभी सर्कलों में कार्यरत राजस्व पटवारियों, गिरदावर की बैठक ली। इस मौके पर आफिस कानूनगो, गिरदावर, कम्पयूटर ऑपरेटरों और राजस्व पटवारियों आदि समेत मातहत अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में नायब तहसीलदार लच्छीराम ने कड़े तेवर दिखाते हुए साफ कहा कि सोहना राजस्व सर्कल के 60 में से 3 गांव अभी राजस्व रिकार्ड में ऑनलाइन नही है। कार्य में कोताही वह हर्गिज बर्दाश्त नही करेंगे। इन 3 गांवों भौंड़सी, रायसीना और सोहना गांव को जल्द से जल्द ऑनलाइन किया जाए। नायब तहसीलदार ने मौजूद सभी राजस्व पटवारियों को अपने-अपने सर्कल के दाखिल सदर में जमा के निर्देश दिए और कहा कि जिन-जिन पटवार सर्कलों में मुटेशन पैडिंग में पड़े है, उन्हे 2 घंटे के भीतर खारिज अथवा फैसला संबंधी कार्रवाई अमल में लाई जाए। आबियाना और कोर्ट फाईल संबंधी सभी तरह की सरकारी फीस वसूली कार्य में तेजी लाई जाए।

उन्होंने साफ-सपाट लहजे में कहा कि उनका प्रमुख लक्ष्य पारदर्शी एवं स्वच्छ प्रशासन देना और तहसील कार्यालय को भ्रष्टाचार मुक्त करना है। उन्होने आम जनमानस से भ्रष्टाचार पर कड़ाईपूर्वक रोक लगाने के लिए सहयोग मांगते हुए कहा कि वह एक पैसे का भी भ्रष्टाचार बर्दाश्त नही करेंगे और यदि किसी भी व्यक्ति ने तहसील के किसी अधिकारी, कर्मचारी के नाम पर किसी से कोई पैसा लिया अथवा दलाली-खाईगिरी का प्रयास किया तो वह शिकायत हाथ लगते ही कानूनी कार्रवाई अमल में लाएंगे। उन्होने स्टांप विक्रेताओं को भी साफ हिदायते दी है कि स्टांप निर्धारित मूल्य पर ही बेचे जाए। यदि किसी ने निर्धारित मूल्य से ज्यादा कीमत पर स्टांप बेचा और शिकायत सही पाई गई तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उसका स्टांप विक्रेता का लाइसेंस तक रदद किया जा सकता है।

उन्होंने नंबरदारों को भी सही व्यक्ति की शिनाख्त करने व अपने कर्तव्यों और दायित्वों को सही तरीके से निर्वाह करने का आग्रह किया। तहसील कार्यालय में कार्यरत कम्पयूटर ऑपरेटरों को साफ हिदायत दी कि रजिस्ट्री की खरीद-फरोख्त के वक्त रजिस्ट्री में एनओसी के साथ-साथ आधारकार्ड, फोटोप्रति लगाया जाना अनिवार्य है।

रैन बसेरा में जरूरतमंदों के ठहरने की रहेगी नि:शुल्क व्यवस्था,साफ मिलेंगे बिस्तर

सोहना : यहां पर नगरपरिषद प्रशासन ने शहर में इस बार चुंगी-दो के समीप स्थित प्रजापति धर्मशाला को अस्थायी रूप से रैन बसेरा का इंतजाम किया है।

नगरपरिषद प्रमुख अंजू देवी ने सोमवार को बताया कि शहर में चुंगी-दो के समीप स्थित प्रजापति धर्मशाला में अस्थाई रूप से बनाए गए रैन बसेरे में ठहरने वाले बेसहारा लोगों के लिए नगरपरिषद प्रशासन की तरफ से सर्दी से बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में गददों व गर्म रजाई वाले बिस्तरों का इंतजाम किया गया है। उन्होंने बताया कि रैन बसेरे का नोडल अधिकारी अपर अभियंता दिगंबर सिंह को बनाया गया है। फिलहाल इस रैनबसेरे में 15 लोगों के ठहरने संबंधी बिस्तरों की व्यवस्था की गई है। पुलिस को भी निर्देश दिए गए है कि रात को पुलिस की पेट्रोलिंग टीमें रैन बसेरे में सुरक्षा की दृष्टि से निगाह रखे। मालूम हो कि यहां पर अभी से रात के वक्त पड़ रही ठंड के दृष्टिगत रात में फुटपाथों पर रहने वालो के लिए व्यवस्था की गई है।

नवरात्रों के समापन पर भंडारों का आयोजन किया गया

श्रद्धालुओं को पक्तिबद्ध बैठाकर लडडू, पूड़ी, सब्जी का प्रसाद ग्रहण कराया

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। शहरी क्षेत्र में सोमवार को नवरात्रों के समापन पर कई स्थानों पर भंडारों का आयाजन किया गया।गांव अलीपुर में पानी वाले बाबा आश्रम के नाम से मशहूर मंदिर आश्रम में मंदिर के बाबा के सानिध्य में पूरा दिन विशाल भंडारा चलाया गया। इसमें केन्द्र सरकार से सेवानिवृत्त अधिकारी वेदराम शर्मा, मुख्य अध्यापक अनिल वशिष्ठ, धर्मेन्द्र सिंगला, सुंदर सिंह चौहान, अनिल शर्मा, कमल गर्ग, संदीप गोयल, हितेश गोयल, मास्टर गिरीश बाबू अग्रवाल, अग्रवालसभा के उपाध्यक्ष रहे उमेश अग्रवाल आदि प्रमुखजनों की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं को पक्तिबद्ध बैठाकर लडडू, पूड़ी, सब्जी का प्रसाद ग्रहण कराया। भंडारा चलाने से पहले मंदिर परिसर में यज्ञ का आयोजन हुआ। मौजूद लोगों ने यज्ञ में विश्व मंगलकामना को लेकर पूर्णाहूति डाली और पर्यावरण को बचाने व पौधारोपण को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। स्थानीय नगरपालिका बाजार मार्किट में दुकानदारों ने विशाल लंगर चलाकर पूड़ी, सब्जी, खीर, हलवा का प्रशाद वितरित किया। इस पुनीत और धार्मिक कार्य में मनोज अग्रवाल, रिंकू, सूरज सेन, रमेश झांब, यादराम राठी, रामचंद्र मनिहार, राजू नाई, राहुल गुप्ता आदि समेत मार्किट के तमाम दुकानदारों ने दिन भर स्वेच्छापूर्वक अपना सहयोग दिया। नगरपरिषद कार्यालय के पास शंकर मार्किट में दुकानदारों ने विशाल लंगर चलाकर पूड़ी, सब्जी, खीर, हलवा का प्रसाद वितरित किया। इस पुनीत और धार्मिक कार्य में दिनेश छोकर, दिनेश गर्ग, उमेश रोहिल्ला, कमल मोंगिया, मोंटू गोयल, संदीप गोयल, संजीव गुप्ता आदि रहे।

पहले किया हवन यज्ञ

पुलिस थाने के पास, पतंजलि चिकित्सालय पर लाला जती सिंगला के सानिध्य में भंडारा चलाया गया। इसके अलावा श्री सनातन धर्म राममंदिर प्रांगण में भी नवरात्रों के समापन अवसर पर प्रातः हवन यज्ञ कर पूर्णाहुति के बाद भंडारा चलाया गया, जिसमें मौजूद कार्यकर्त्ताओं ने छोटे-छोटे बच्चों, श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध बैठाकर प्रसाद ग्रहण कराया। देहात के गांवों में भी कई स्थानों पर नवरात्रों के समापन पर परस्पर सहयोग से मंदिरों व अनेक स्थानों पर प्रसाद वितरित किये जाने की जानकारी मिली है।

लक्ष्मण मूर्छा और राम विलाप से दर्शक हुए भाव विभोर

महिलाओं ने रावण को कोसा और कहा कि उसे करनी का दंड मिलना चाहिए

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। शहर में तीन स्थानों पर आयोजित रामलीला में लक्ष्मण मूर्छा व राम विलाप का दृश्य देख श्रद्धालु भाव विभोर हो गए।

प्राचीन हनुमान बगीची मैदान

श्री शानदार रामलीला क्लब द्वारा प्रदर्शित की जा रही श्रीराम की लीलाओं के मंचन के दौरान बीती रात लक्ष्मण मूर्छा व राम विलाप का दृश्य देख श्रद्धालुओं की आंखों से आंसूओं की धारा बह निकली। रामलीला देखने आई महिलाएं रावण को कोसती और ये कहती नजर आई कि रावण को उसके किए का दंड मिलना चाहिए। एक तो सीता को चुरा ले गया, ऊपर से युद्ध में लक्ष्मण को घायल कर दिया। यह तो ज्यादती है। श्रीराम को अब अहंकारी रावण को मारने में देर नही लगानी चाहिए। रामलीला में श्रीराम का रुदन देखकर सभी की आंखे भर आती है।

श्री शानदार रामलीला क्लब से जुड़े प्रदीप गर्ग, नगरपार्षद नीरज सिंगला, हरिओम सिंगला, रंगमंच कलाकार देशराज गोयल, हितेश गोयल, सतेन्द्र गर्ग, संजय पंडित, विष्णु रोहिल्ला, जोगिन्द्र जुगला सूंड्क्षधया, भारत बंसल, बोबी जैन, प्रवीण गर्ग, मितरसेन सैनी, राकेश बाटे बंसल आदि समेत श्री शानदार रामलीला क्लब से जुड़े तमाम सदस्यों का कहना है कि श्री शानदार रामलीला क्लब के कलाकार इस रामलीला में अपने-अपने किरदार निभाकर रामलीला का ऐसा मंचन उकेर रहे है कि दर्शकों की भीड़ बढ़ती जा रही है।

स्टेडियम वाली शिव कमेटी की रामलीला

स्टेडियम में श्री शिव रामलीला कमेटी द्वारा प्रदर्शित की जा रही श्रीराम की लीलाओं के मंचन के दौरान बीती रात लक्ष्मण मूर्छा व राम विलाप का दृश्य देख श्रद्धालु बेचैन हो गए। सबने कलाकारों के अभिनय की खूब सराहना की। इस अवसर पर श्री शिव रामलीला कमेटी के सरंक्षक जयप्रकाश सिंगला भट्ठे वाले, प्रधान चौधरी बहाल सिंह खटाना, देविन्द्र अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद, अशोक कुमार जैन, श्यामलाल बघेल, अशोक गोयल, देवेन्द्र तायल, अजय गुप्ता, विजय गुप्ता, राजकुमार सिंगला, रामकिशन गर्ग, लक्ष्मण गर्ग, चन्द्रप्रकाश आर्य, प्रेम सिंह बच्चस, समय सिंह सौरोत, विकास गुप्ता, गोविंद गोयल, छतरपाल शर्मा, विजय अग्रवाल, दिनेश मंगला, जयप्रकाश गर्ग, मद्रासी सैनी, केशवदेव जिंदल, सुभाष बंसल, अग्रवालसभा के पूर्व प्रधान सेठ विजय गोयल आदि प्रमुख लोगों समेत रामलीला कमेटी से जुड़े तमाम सदस्यों, पदाधिकारियों और आमंत्रितजन भी उपस्थित रहे।

पंजाबी धर्मशाला वाली रामलीला

स्थानीय पंजाबी धर्मशाला में श्री सनातन धर्मसभा द्वारा प्रदर्शित की जा रही श्रीराम की लीलाओं के मंचन के दौरान बीती रात लक्ष्मण मूर्छा व राम विलाप का दृश्य देख श्रद्धालुओं की आंखें भी नम हो गईं। श्री सनातनधर्मसभा राममंदिर के प्रधान लवली जुनेजा, रामलीला कमेटी के प्रोजेक्ट चेयरमैन व युवा समाजसेवी विनीत रतड़ा, पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू, चंद्रभान रतड़ा, उमेश जुनेजा कोकी, गुलशन आहूजा, पप्पू पठान, विपिन मल्होत्रा, श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर के पूर्व प्रधान डाक्टर नरेश पाहूजा व आयोजन से जुड़े लोगों की माने तो रामलीला में भारी जनसैलाब उमड़ रहा है। रामलीला में आ रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए है। उमड़ रहे जनसैलाब को देख रामलीला मंचन करने वाली कमेटी खासी उत्साहित है। बढ़ती भीड़ के लिए पुलिस प्रशासन का भी प्रबंध बेहतर नजर आ रहा है।

बाजार में रोजाना बार-बार लग रहा जाम

सोहना : शिवनगरी में त्यौहारी सीजन के चलते लोग इलेक्ट्रॉनिक सामानों, स्मार्टफोन और फैशन से जुड़ी चीजों की जमकर खरीददारी कर रहे हैं। जिस कारण बाजार में बार-बार जाम लग रहा है।

लोग हर प्रकार के सामानों की जमकर खरीददारी कर रहे है। इस बार मानसून के सामान्य रहने और सरकारी कर्मचारियों को त्यौहार पर मिले बोनस की बदौलत लोग खुलकर खर्चा कर रहे है। बाजार में बड़ी क्षमता वाले फ्रिज, महंगी वाशिग मशीन और 43 इंच या उससे बड़े टेलिविजनों की मांग सबसे ज्यादा देखने को मिल रही है।

लोगों का कहना है कि पुलिस प्रशासन ने शहर पुलिस चौकी के सामने बड़े वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने के लिए बेरिकेट लगाए हुए है लेकिन कमाल की बात ये है कि इन बेरिकेटों पर कोई पुलिस जवान नजर नहीं आता। ऐसे में चार पहिया वाहनों के चालक इन बेरिकेटों को हटाकर भीड़ भरे बाजार में घुस आते हैं।

स्नेह विहार के जगराते में जमकर झूमे श्रद्धालु

उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र

सोहना । गांव भौंड़सी की स्नेह विहार कॉलोनी स्थित श्री शिवमंदिर प्रांगण में दुर्गा पूजा समिति के तत्वाधान में बीती देर रात माता भगवती जागरण का शुभारंभ सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंड़सी के रहने वाले स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय पूरण सिंह राघव के पौत्र सतेन्द्र कुमार राघव स्टार ने ज्योति प्रज्वलित करके किया। इस मौके पर दुर्गा पूजा समिति के तमाम कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ-साथ प्रमुख लोगों में जयप्रकाश त्रिपाठी, राजेश सिंह, रूपेश राय, राजेश चौबे, मनिन्द्र कुमार, नित्यानंद, राजेश चौरसिया, रितेश पांडे, सोनू शर्मा, केएस दुबे, महताब वर्मा आदि की अगुवाई में फूलमालाएं पहनाकर अपने बीच मुख्यातिथि रूप में पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता सतेन्द्र राघव भौंड़सिया का शानदार स्वागत किया। इस मौके पर छत्तीस बिरादरी, सर्वजातीय समाज, विभिन्न स्वयंसेवी आदि मौजूद थे

समापन | दुर्गानवमी : मां तेरी बेटियां गई कहां...

पूजन के लिए कन्याएं ढूंढते रहे श्रद्धालु

कन्याओं को जिमाने के लिये इंतजार-एडवांस बुकिंग भी जमकर चली

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। 'ओ री चिरइया-नन्ही सी चिड़िया, अंगना में फिर आजा रे-हमने सोचा नहीं, तू जो उड़ जाएगी-ये जमीन तेरे बिन सूनी रह जाएगी-किसके दम पर सजेगा अंगना' मेरा वाला गीत कभी बालीवुड ने बेटियों के लिए समर्पित किया था लेकिन आज देश और समाज में तेजी से कम हो रही बेटियों के कारण किसी वक्त में तैयार किए गए इस गीत की पंक्तियां आज सटीक बैठ रही है क्योंकि पुत्र रत्न पाने की चाह में बेटियों का कोख में ही गला घोटा जा रहा है।

यही हाल सोमवार को रहा। अश्विन माह की दुर्गा नवमी पर कन्या पूजने और कन्याओं को अपने घर पर भोजन कराने के लिए सुबह-सवेरे से ही लोग और महिलाएं एक से दूसरे मोहल्लों, गलियों में भटकते रहे। कई-कई घंटे की दौड़-धूप के बाद कन्याओं को जहां-तहां से हाथ जोड़-जोडक़र श्रद्धालुओं ने इकट्ठा किया। तब 9 कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया। कच्चा बेरका रोड़ पर रहने वाले दयानंद सैनी, दिनेश सैनी, नवीन सैनी, आशियाना अनमोल सोसायटी में रहने वाले धर्मबीर डागर व रामगौतम, एमवीएन सोसायटी में रहने वाले सरदार तजिन्द सिंह, वार्ड-21 में सोहनाढाणी रोड़ पर रहने वाले सोनू सैनी, कैलाश सैनी, रूपचन्द सैनी, रंजीत बैसिया, राजू बादशाहपुरिया आदि श्रद्धालुओं का कहना है कि उन्हें आज महसूस हुआ कि बेटियां कितनी जरूरी है। बेटियां घर की रौनक है। बता दें कि दुर्गा नवमी पर सुबह से ही कंजक यानि कन्या पूजन का दौर प्रारंभ हो गया लेकिन कन्या और पुत्र अनुपात में भारी अंतर है।

मोदी के अखंड भारत और राष्ट्रवाद के सपने को साकार करें : धर्मदेव

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना । महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज का यहां पर स्थानीय श्रीराम उपकारी सभा भवन पंजाबी धर्मशाला सभागार में पहुंचने पर स्वागत किया गया। श्री सनातनधर्मसभा राममंदिर के प्रधान लवली जुनेजा, रामलीला कमेटी के प्रोजेक्ट चेयरमैन व युवा समाजसेवी विनीत रतड़ा, पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू, चंद्रभान रतड़ा, उमेश जुनेजा कोकी, समाजसेवी रामकिशन गांधी, समाजसेवी गुलशन आहूजा, पूर्व नगरपार्षद महेन्द्रप्रताप अरोड़ा, पप्पू पठान, विपिन मल्होत्रा, डाक्टर नरेश पाहूजा, उमेश जुनेजा कोकी, विवेक बाली आदि ने फूलमालाएं पहनाकर स्वागत करते हुए आशीर्वाद लिया।

महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज ने हर देशवासी से आग्रह किया है कि वह प्रधानमंत्री की अखंड भारत और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद वाली सोच को साकार बनाने में आगे आएं ताकि अपना देश दोबारा से विश्व गुरू बने।

24 page 3_02.qxd 10/23/2023 10:02 PM Page 1

गुरुग्राम

न्यू कालोनी रामलीला में उमड़ा दर्शकों का हुजूम

हनुमान ने जला दी सोने की लंका

श्रीराम सुग्रीव मित्रता, लंका दहन, सीता माता की खोज आदि लीलाओं का हुआ मंचन : मुनीष खुल्लर

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। साईबर सिटी में चल रही रामलीला मंचन के दौरान लोगों का हुजूम उमड़ रहा है। न्यू कालोनी स्थित गीता भवन की श्रीसनातान धर्मसभा व केंद्रीय श्रीसनातन धर्मसभा के प्रधान तथा रामलीला के डायरेक्टर सुरेंद्र खुल्लर एवं संयोजक व गीता भवन के उप प्रधान व संयोजक मुनीष खुल्लर ने संयुक्त रुप से जानकारी देते हुए बताया कि रामलीला के दौरान श्रीराम व हनुमान मिलन, श्रीराम-सुग्रीव मित्रता, बाली वध, हनुमान व लक्ष्मण द्वारा सीता माता की खोज करना, हनुमान का लंका में जाना, अशोक वाटिका जाकर सीता से मिलना और वाटिका उजाडना, मेघनाथ युद्ध, हनुमान द्वारा लंका दहन, हनुमान को रावण के दरबार में बंदी बनाकर ले जाना, रावण-हनुमान संवाद आदि दर्शाया गया। मनीष खुल्लर ने बताया कि देर रात्रि चली रामलीला के दौरान हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर रामलीला का आनंद लिया। उन्होंने बताया कि रामलीला मंचन के दौरान ये सभी दृश्य दिखाए जाने के बाद जब हनुमान लंका में प्रवेश करते हैं तो अक्षय कुमार व हनुमान का युद्ध होता है, जिसमें अक्षय कुमार मारे जाते हैं। उसके तत्पश्चात हनुमान जी अशोक वाटिका में जाकर माता सीता से मिलते हैं। इसके अतिरिक्त उनकी भेंट विभीषण से भेंट होती है। जिसके बाद मेघनाथ हनुमान के साथ युद्ध करके उन्हें लंकापति रावण के पास बंदी बनाकर ले जाते हैं। रावण के दरबार में हनुमान को ले जाने के बाद रावण हनुमान को मारने का आदेश देते हैं। जिस पर रावण का भाई विभीषण अपने भाई रावण से कहता है कि हनुमान हमारे दरबार में दूत बनकर आए हैं। किसी दूत को मारना ठीक नहीं रहता। यदि दूत को मार दिया जाता है तो अन्य देशों से संबंध खराब हो जाते हैं। जिसके बाद विभीषण रावण से कहते हैं कि यदि इसको दंड देना है तो इसकी पूंछ को आग लगा दो। हनुमान की पूंछ को आग लगाए जाने के बाद हनुमान लंका को जलाकर तहस-नहस कर देता है। लंका जलाने के बाद चारों ओर त्राहि-त्राहि मच जाती है। उसके बाद रावण व हनुमान का संवाद दिखाया जाता है, जिसमें हनुमान रावण को समझाते हैं कि आप सीता माता को राम के पास भेज दो और माफी मांग लो। नहीं तो आपके वंश का विनाश हो जाएगा। जब हनुमान द्वारा लंका को जला देता है तो इस पर रावण गुस्से में आकर अपने भाई विभीषण से कहता है कि यदि मैं उस समय उसे मार देता तो आज यह नौबत नहीं आती। गुस्से में आकर विभीषण को लंका से बाहर कर देता है और विभीषण श्रीराम की शरण में चले जाते हैं।

श्रीराम का किरदार मयंक चावला ने बेहतरीन तरीके से दर्शाया

मुनीष खुल्लर ने बताया कि श्रीराम के किरदार में मयंक चावला, लक्ष्मण के किरदार राजेश खरबंदा, सीता के किरदार में सानिया सैय्यद, हनुमान का किरदार रोहित ग्रोवर, रावण का किरदार अश्विनी कुमार, विभीषण का किरदार बलजीत, मेघनाथ का किरदार बॉबी धवन, मंत्री का किरदार राकेश शर्मा, त्रिजटा का किरदार मानसी शर्मा, बाली का किरदार पंकज कुमार, सुग्रीव का किरदार नीरज, अंगद का किरदार शौर्य राज खुल्लर द्वारा बेहतरीन तरीके से दर्शाया गया।

बाल सुखसागर रामलीला कमेटी ने कांग्रेस नेता पंकज डावर को किया सम्मानित

गुरुग्राम। मदनपुरी में 49 वर्ष से लगातार बाल सुखसागर रामलीला कमेटी रामलीला करवा रही है। इस क्षेत्र में रामलीला की यह सबसे पुरानी कमेटी है। बीती रात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर के साथ कांग्रेस के लोकसभा युवा सोशल मीडिया कॉडिनेटर मनोज आहूजा,स्वर्णकार बिरादरी के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील प्रकाश वर्मा, युवा नेता रमन वर्मा रामलील के मंच पर पहुंचे जिनका कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर पंकज डावर द्वारा राम के नाम का जाप किया गया, राम के नाम के जाप के दौरान पूरा पंडाल राम के नाम पर गुंजाय मान हो उठा। पंकज डावर ने कहा कि मदनपुरी और आस-पास के सभी वरिष्ठ नागरिकों के सहयोग से बीते 49 वर्ष से यह रामलीला लगातार हो रही है। इस वर्ष सभी कमेटी पदाधिकारियों ने निर्णय लिया है कि 50वें वर्ष मदनपुरी की रामलीला बहुत ही बड़े स्तर पर की जाए। इस मौके पर कमेटी के प्रधान सतीश चावला, उप प्रधान राजेश वर्मा, जनरल सेक्रेटरी तरनजीत सिंह, सेक्रेटरी आशू आहूजा, कैशियर तरूण खुराना तथा कमेटी के अन्य पदाधिकारियों में शंकर खत्री, कपिल अरोड़ा, सुभाष सचदेवा, राजकुमार खुराना, अर्जुन देव, सदानन्द शर्मा समेत अन्य सदस्यगण मौजूद रहे।

माता सीता से बोले वीर हनुमान

हे माते मैं कोई मायावी राक्षण नहीं, भगवान श्रीराम का दूत हूं

रावण-सीता संवाद, हनुमान का अशोक वाटिका पहुंचने व लंका दहन की लीला का किया मंचनः पवन पाहूजा

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न संस्थाओं द्वारा की जा रही रामलीला मंचन के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। भीम नगर स्थित श्रीकृष्ण मंदिर की श्री सनातन धर्मसभा के प्रधान पवन पाहूजा व चीफ डायरेक्टर एसके मल्होत्रा ने बताया कि रामलीला मंचन के दौरान अशोक वाटिका में रावण-सीता संवाद दिखाया गया, जिसमें सीता रावण को बहुत बुरा-भला कहती हैं।

जिस पर रावण तेस में आकर तलवार से सीता पर वार करने का प्रयास करता है।

उनको वार करता देखकर त्रिजटा ऐसा करने से रावण को रोक देती है। जिसके बाद रावण वहां से गुस्से में चला जाता है। वहीं पर सूक्ष्म रुप में मौजूद हनुमान यह सब प्रकरण देख लेता है। उन्होंने बताया कि सीता संवाद का बहुत ही मार्मिक दृश्य दर्शाया गया, जिस पर कई दर्शक अपने आंसू रोक नहीं पाए। दूसरे दृश्य के दौरान हनुमान राम द्वारा दी गई निशानी (अंगूठी) को सीता माता को दिखाते हैं।

अंगूठी देखने के बाद सीता माता विश्वास कर लेती हैं कि हनुमान कोई मायावी राक्षण नहीं, अपितु भगवान श्रीराम के दूत हैं। जिसके बाद दूसरे दृश्य में अशोक वाटिका को हनुमान द्वारा तहस-नहस कर दिया जाता है। प्रधान पवन पाहूजा व चीफ डायरेक्टर एसके मल्होत्रा ने बताया कि रामलीला के दौरान मुकेश डावर, सलूजा, मनोज भारद्वाज, रजनीश पाहूजा आदि मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए।

रामलीला में तुषार, सोनू, वरुण, राजेश टुटेजा, नीतू, भारत भूषण दीवान, वीरेंद्र डुडेजा, किशोरी लाल डूडेजा आदि का सहयोग रहा।

अशोक वाटिका को किया तहस-नहस

अशोक वाटिका को तहस-नहस करने के बाद मेघनाथ हनुमान को बांधकर रावण के पास ले जाता है। वहां पहुंचने के बाद हनुमान रावण को बहुत समझाता है कि आप सीता माता को राम के पास भेज दो और माफी मांग लो। नहीं तो आपके वंश का विनाश हो जाएगा।

हनुमान जी लंका का दहन कर देता है। इसके बाद रावण विभीषण से कहता है कि यह सब किया धरा तेरा है, यदि मैं उस समय इसे मार देता तो आज यह नौबत नहीं आती। इसके बाद रावण विभीषण को घर से बाहर निकाल देता है और वह श्रीराम की शरण में चले जाते हैं। विभीषण के वहां जाने पर श्रीराम अंगद को रावण के पास भेजते हैं। अंगद के दृश्य के बाद युद्ध की घोषणा कर दी जाती है।

भाजपाईयों ने अपने-अपने अंदाज में मनाया प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ का जन्मदिन

जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड ने दिव्यांगों को भेंट की ट्राई साइकिल

गुरुग्राम। भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड के 63वें जन्मदिवस पर सोमवार को पार्टी कार्यालय गुरु कमल पर जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड ने दिव्यांगों को ट्राई साइकिल व जरूरतमंदों को कंबल और बर्तन भेंट किये। इस मौके पर उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष धनखड को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ जीवन और दीर्घायू की कामना की। गार्गी कक्कड ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष धनखड के नेतृत्व में हरियाणा में संगठन का विस्तार हुआ है। अपनी रचनात्मकता और कार्यकुशलता से आज प्रदेश अध्यक्ष हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष ने अपने कार्यों से पार्टी को संगठनात्मक रूप से हरियाणा में शिखर तक पहुंचाया है। यही कारण है कि आज भाजपा का संगठन जनता और सरकार के बीच एक सेतू की तरह काम करते हुए मोदी-मनोहर सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि आज धनखड़ के दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए कार्यकर्ता सेवा ही संगठन के मूलमंत्र को आत्मसात करते हुए सेवाभाव के कार्य कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष ने कहा कि दृढ इच्छाशक्ति के धनी, कर्मठ, कर्तव्यनिष्ठ धनखड़ विनम्र रहते हुए पार्टी के लक्ष्यों को सुगमता से कार्यकर्ताओं के माध्यम से धरातल पर फलीभूत कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड ने लोकप्रिय व्यक्तित्व व जनप्रिय नेता प्रदेश अध्यक्ष धनखड को उनके जन्मदिन पर जिला भाजपा परिवार की ओर से शुभकामनाएं और उनकी दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की। इस मौके पर जिला महामंत्री मनीष गाडोली, महेश यादव, उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, राजेश अरोडा, कुलदीप शौकीन आदि उपस्थित रहे।

नवीन गोयल ने प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ को स्टेच्यू ऑफ यूनिटी स्मृति चिन्ह भेंट किया

एमके अरोड़ा,भरोसा मित्र

गुरुग्राम। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ का63वां जन्मदिन पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने खास अंदाज में मनाया। उन्होंने अध्यक्ष के पैतृक गांव ढाकला जिला झज्जर में अपने साथियों के साथ 63 आयुर्वेदिक पेड़ लगाए। इसके बाद हसनपुर गांव में हजारों कार्यकर्ताओं के बीच प्रदेश अध्यक्ष ने जन्मदिन सेलिब्रेट किया। नवीन गोयल ने अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ को स्मृति चिन्ह के रूप में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी भेंट किया। पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख नवीन गोयल, एनजीओ सैल भाजपा के प्रदेश सह-संयोजक डा. डीपी गोयल साथियों के साथ पहले तो धनकोट गांव में एकत्रित हुए। वहां सभी को प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के जन्मदिन की बधाई देते हुए इस दिन को यादगार बनाने के लिए सभी को प्रेरित किया। इसके बाद काफिले के रूप में प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के पैतृक गांव ढाकला जिला झज्जर के लिए रवाना हुए। वहां अध्यक्ष को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के साथ गांव में उनकी उम्र के बराबर यानी 63 साल के हुए प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के सम्मान में 63 आयुर्वेदिक पेड़ लगाए गए। यहां से सभी कार्यकर्ता गांव हसनपुर में पहुंचे, जहां प्रदेश अध्यक्ष के जन्मदिन का भव्य समारोह आयोजित किया गया। नवीन गोयल ने कहा कि अध्यक्ष बनने के बाद ओमप्रकाश धनखड़ ने संगठन की मजबूती के लिए दिन-रात काम किया है और कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में हरियाणा में लाखों नये कार्यकर्ता, अन्य राजनीतिक दलों के नेता भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हैं। नवीन गोयल ने कहा कि एक-एक पेड़ कीमती होती है। नए पेड़ लगाने के साथ हमें पुराने पेड़ों का संरक्षण भी करना चाहिए। प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पुराने पेड़ों के संरक्षण के लिए बुजुर्ग व्यक्तियों की तरह पुराने पेड़ों की पेंशन स्कीम भी लागू की है। सरकार और भारतीय जनता पार्टी हर उस विषय पर गंभीर है, जो जनहित का है और जिससे सभी को सांझा लाभ मिलता है।

बोधराज सीकरी की अगुवाई में बधाई देने पहुंचा 63 पंजाबियों का शिष्टाचार मंडल

गुरुग्राम। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड के 63 वें जन्मदिन पर पंजाबी बिरादरी महा संगठन का एक शिष्टाचार मंडल बोधराज सीकरी की अगुवाई में 63 सहयोगियों के साथ झज्जर पहुंचा। वहां पहुंचकर लोगों के उत्साह को देखते हुए सबका मन गद्गद हो गया कि किस प्रकार इस प्रकार के प्रिय नेता लोगों के मन को भाते हैं। क्योंकि वहां जनमानस का जो समूह था वो देखने के लायक था। बोधराज सीकरी व उनके सहयोगियों ने ओमप्रकाश धनखड़ शॉल ओढाकर स्वागत किया और मुंह मीठा कराया। बोधराज सीकरी ने धनखड़ को आयुष्मान भव, दीर्घायु भव, यशस्वी भव, तेजस्वी भव और विजयी भव का आशीर्वाद भी दिया। 63 पंजाबी सहयोगियों के साथ जाने का उद्देश्य था कि यह जन्मदिन ओमप्रकाश धनखड का 63 वां जन्मदिन था। इस डेलिगेशन में महिला प्रकोष्ठ की टीम को ज्योत्सना बजाज ने आगे बढाया। जिनके साथ पुष्पा, रचना बजाज, मीनाक्षी मुंजाल, रीटा, निशी मोंगिया, सिमरन बजाज, सीमा कपूर उनके साथ रही। पुरुष वर्ग में ब्लिस बैंक्वेट के चेयरमैन संजीव कुमार, आर्य केंद्रीय सभा के प्रधान अशोक आर्य, भाजपा नेता धर्मेंद्र बजाज, पंचनद गुरुग्राम के प्रधान प्रमोद सलूजा, डेरावाल बिरादरी के प्रधान रमेश चुटानी, सुभाष गांधी, रवि मनोचा, सुभाष नागपाल, केंद्रीय सनातन धर्म सभा के कार्यवाहक महामंत्री गजेंद्र गोसाई, पंजाबी बिरादरी महासंगठन के महामंत्री राम लाल ग्रोवर, युधिष्ठिर अलमादी, पालम विहार जे ब्लॉक आरडब्ल्यूए के प्रधान शेखर खनेजा, हेमन्त मोंगिया, सतपाल नासा, सुरेश सेठी, अशोक कुमार,चांद आहूजा, अनिल कुमार, वासदेव ग्रोवर, ओमप्रकाश गाबा, राजेन्द्र बजाज, रमेश मुंजाल, बलदेव गुगलानी, राजपाल नासा, द्वारिका नाथ मक्कड, रमेश कामरा, अशोक ढींगरा, राजकुमार कथूरिया, एडवोकेट भीमसेन कामरा, रमेश खनेजा, राजीव छाबडा, सीबी मनचंदा, राजीव चोपड़ा, राजीव छाबड़ा, सतीश चावला आदि मौजूद रहे।

खबर फटाफट

तावडू में पोर्टेबल शौचालय बने सफेद हाथी, लोग परेशान

तावडू । शहरवासी खुले में शौच न करें, जिसके लिए नगरपालिका ने लाखों रूपए की लागत से पोर्टेबल शौचालय विभिन्न स्थानों पर लगा। लेकिन पोर्टेबल शौचालय इन दिनों लापरवाही के चलते सफेद हाथी बन कर रह गए हैं। कुछ शौचालय तो अंदेखी के चलते टूट फूट रहे हैं। जिसके चलते शहरवासियों में नगरपालिका प्रशासन के प्रति रोष पनप रहा है। शहर में लगे पोर्टेबल शौचालयों में से अधिकतर शौचायल आज तक चल ही नहीं पाए। लोगों का आरोप है कि नगरपालिका प्रशासन की लापरवाही के चलते लाखों खर्च करने के बाद भी यह शौचालय महज दिखावा बन कर रह गए हैं। शहर के बाईपास, नूंह रोड, मौहम्मदपुर रोड, रेवाडी रोड व अन्य कई स्थानों पर यह शौचालय जर्जर अवस्था में हैं। इन शौचालयों की देखरेख न होने के कारण लाखों रूपए खर्च लापरवाही की भेंट चढ रहा है। लोगों का आरोप है कि लाखों रूपए खर्च करने के बाद भी जिस उद्देश्य से यह शौचालय खरीदे गए थे, वह उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा। इनको जनता के उपयोग के लिए शुरू करने से पहले ही इनकी हालत खराब हो गई थी। इनकी साफ सफाई न होना, सफाई कर्मचारी की डयूटी न होना बताया जा रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जनता के उपयोग के लिए इन पोर्टेबल शौचालयों को खुलवाया जाए और इनकी नियमित सफाई एवं रख रखाव के लिए सफाई कर्मचारी नियुक्त किया जाए। ताकि यह शौचालय उपयोग में आ सकें।

भारतीय सेना में अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग

रक्षा मंत्री राजनाथ से मिला पूर्व सैनिकों का प्रतिनिधिमंडल

ब्रिटिश प्रशासन ने 1945 में अंतिम पुनर्गठन के दौरान जानबूझकर अहीर रेजिमेंट के गठन की अनदेखी की थी : डा.टीसी राव

भरोसा मित्र ब्यूरो

गुरुग्राम। राष्ट्रीय फाउंडेशन के संयोजक डॉ. टीसी राव के नेतृत्व में यदुवंशी पूर्व सैनिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मलाकात कर मांग पत्र सौंपा । जिसमें भारतीय सेना में अहीर रेजिमेंट की स्थापना के लिए कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया। डॉ. टी.सी. राव ने मंत्री को भारतीय सेना में अहीर रेजिमेंट की अनुपस्थिति के ऐतिहासिक कारणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिसमें ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ अहीर समुदाय के अटूट प्रतिरोध अहीर रेजिमेंट ब्रिटिश काल में न बनने का मुख्य कारण बताया। बैठक के दौरान, डॉ. टी.सी. राव ने इस बात पर जोर दिया कि ब्रिटिश प्रशासन ने 1945 में अंतिम पुनर्गठन के दौरान जानबूझकर अहीर रेजिमेंट के गठन की अनदेखी की थी क्योंकि अहीर सैनिकों ने 1857 से 1947 तक ब्रिटिश उत्पी न के खिलाफ लगातार विद्रोह किया था। इसके अलावा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व वाली भारतीय राष्ट्रीय सेना में अहीरों की सक्रिय भागीदारी भी एक कारण बताया। दुर्भाग्य से, अहीरों की अटूट निष्ठा और महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद, भारत सरकार ने, आजादी के बाद भी, अहीर रेजिमेंट के गठन के लिए विचार नहीं किया । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की चिंताओं और तर्कों को ध्यान से सुना और अहीर समुदाय के साथ हुए ऐतिहासिक अन्याय को मानते हुए अपना समर्थन भी दिया। अहीर रेजिमेंट के गठन पर चर्चा के अलावा, प्रतिनिधिमंडल ने ''रेजांगला युद्ध स्मारक'' चुसूल के नवीनीकरण में उनके प्रयासों के लिए माननीय रक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया। गुरूग्राम में स्थित रेजांगला स्मारक के लिए एक 'फाईटर एयरक्राफ्ट' दिलवाने का भी अनुरोध किया जिसके लिए मंत्री ने तुरंत स्वीकार कर लिया। डॉ. टी.सी. राव ने रक्षा मंत्री को अवगत कराया कि दुनिया की मुख्य सेनाओं से सेवानिवृत्ति के समय अधिकारियों को राष्ट्रपति/प्रधानमंत्री महोदय द्वारा एक प्रशंसा पत्र दिया जाता है जैसे कमिशनिंग के समय भारत में भी राष्ट्रपति द्वारा दिया जाता है। यह प्रथा सेवानिवृत्ति के समय 'प्रशंसा पत्र' देने की भी शुरू की जाये ताकि सेवारत एवं सेवानिवृत्त सैनिकों का मनोबल बढे। यह प्रशंसा पत्र, अधिकारियों के लिए राष्ट्रपति द्वारा तथा अधिकारियों से नीचे पद वालों के लिए सेनाध्यक्षों द्वारा जारी किया जाए। उस पर भी रक्षा मंत्री ने विचार करने का आश्वासन दिया। इस प्रतिनिधि मंडल में कर्नल महावीर यादव, अध्यक्ष, राष्ट्रीय शहीद फाउंडेशन, कर्नल सुभाष यादव, मेजर एस.एन. यादव, सूबेदार मेजर जगदीश चन्द यादव भी सम्मिलित थे।

सेक्टर 31 में हुआ अंडरस्टैंडिंग डेमोक्रेसी सेमिनार का आयोजन

लोकतंत्र का मतलब है अपने विरोधियों को जिंदा रखना: रघु ठाकुर

भरोसा मित्र डेस्क

गुरुग्राम। देश में जनतंत्र की हालत देख डॉ सारिका वर्मा ने सेक्टर 31 कम्युनिटी सेंटर में रविवर शाम को अंडरस्टैंडिंग डेमोक्रेसी सेमिनार का आयोजन कियाद्य कार्यक्रम के तीन मुख्य वक्ता रघु ठाकुर, परंजय गुहा ठकुरता और राज्यसभा सांसद डॉ सुशील गुप्ता द्य 300 गणमान्य लोगों ने इस कार्यक्रम का पंजीकरण किया और चर्चा का आनंद उठाया। देश के सुप्रसिद्ध समाजवादी चिंतक एवं नेता रघु ठाकुर ने भारतीय लोकतंत्र की विशेषता, उसके आदर्श, प्रासंगिकता, मूलभूत-सिद्धान्तों तथा आज के परिपेक्ष्य में भारत तथा विश्व में लोकतंत्र के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से बताया। इस अवसर पर रघु ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र का मतलब है अपने विरोधियों को जिंदा रखना, मानव अधिकारों की सुरक्षा करना, सभी को बाराबरी के अधिकार देना और सत्ता का विकेंद्रीकरण करना÷ द्य सांसद संजय सिंह को इक अप्राधि की स्टेटमेंट के आधार पर गिरफ़्तार करना दर्शाता है देश में कानून का राज कामजोर हो गया है और राजा के हाथ में कानून आ गया है। लेखक पत्रकार परंजय गुला ठकुरता ने अपने हालिया अनुभव को साझा किया, और निवेदन किया कि प्रवीण प्रभाकर,अमित चक्रवर्ती, मनीष सिसौदिया, संजय सिंह और बाकी राजनीतिक केस में फसाए हुए सैकंडो लोगों को जल्द रिहा किया जाएगाद्य जिस तरह आज देश में माहौल है ऐसा माहौल तो आपातकाल के समय में भी नहीं था। सरकार संसद में ऐसा बयान दे रही है जो सच से बिल्कुल परे है। चाहे वो कोविड महामारी के दौरन ऑक्सीजन की कमी की बात हो या करोडो प्रवासी श्रमिकों का पलायन हो, झूठ के बाद झूठ फेलया जा रहा है। कार्यक्रम में हरि सिंह चौहान, जय प्रकाश रेढू,नवनीत रोज, धीरज यादव, सतबीर यादव, पीपी सिंघल,सतेंद्र सैनी, विजेश खटाना, सिद्धांत गुप्ता, निकेत अरोरा, शत्रुंजय बरनवाल, सचिन शर्मा, पारस जुनेजा, दिलप्रीत साही, डॉ. एस के आनंद, डॉ. अश्विनी कालरा,अनीता यादव, मंजू सांकला, पप्पी जिंदल, गोपाल जिंदल, प्रताप कदम,वीणा हंस, रितु गांधी, उर्मिल राणा, चिकित्सकों, बुद्धिजीवियों तथा संयुक्त किसान मोर्चा के सम्मानित साथियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

अब व्यापारियों को ईडी से खतरा हो जाएगा: सुशील गुप्ता

राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने जीएसटी को पीएमला के अंदर शामिल करने के बारे में कहा कि अब व्यापारियों को ई डी से खतरा हो जाएगा और नए कानून के तहत जमानत मिलना भी बहुत मुश्किल हो जाएगा। देश में साधारण नागरिक भईभीत हुए बैठे हैं। कम से कम विपक्ष वाले नेता अपनी बात रख सकते हैं, सत्ता पक्ष के संसद का हाल देखिये वो तो अपना मुंह भी नहीं खोल पाते।

देश की गलियों को गरमाना पड़ेगा ताकि संसद आवारा न हो : सारिका वर्मा

डॉ. सारिका वर्मा ने कहा सांसद संजय सिंह की गिरफ़्तारी ऐसे मामले में जहां सीबीआई ने खुद क्लीन चिट दी, दर्शाता है कि केंद्रीय सरकार बुलंद आवाज़ को दबाना चाहती है और ये डर का महौल देश के लोकतंत्र के लिए खतरा है। श्री राम मनोहर लोहिया जी कहते थे । देश की गलियों को गरमाना पड़ेगा ताकि संसद आवारा ना हो। लोकतंत्र में साधारण नागरिकों की आवाज सरकार को सुन्नी चाहिए, उनका दर्द महसूस करना चाहिए और हर नागरिक को अपनी आवाज निडर होकर कहने का अधिकार हो तभी जनतंत्र सुरक्षित है।

साइबर सुरक्षा को लेकर नूंह पुलिस ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

आस मोहम्मद,भरोसा मित्र

पिनगवां थाना प्रभारी राजवीर सिंह ने बांटे पंपलेट

नूंह। नूंह पुलिस ने सोमवार को साइबर सुरक्षा को लेकर जगह-जगह सरकारी स्कूलों में साइबर सुरक्षा अभियान चलाया और छात्र-छात्राओं को भविष्य में बढ़ रहे साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरूक किया।

इस जागरुकता को आगे बढाते पिनगवां थाना प्रभारी राजवीर सिंह नें पिनगवां के सरकारी स्कूल में छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि आज की इस डिजिटल दुनिया में इंटरनेट और सोशल मीडिया का प्रयोग काफी बढ गया है। हर व्यक्ति मोबाइल, इंटरनेट तथा सोशल मीडिया से जुडा है और वह अपना हर काम ऑनलाइन के माध्यम से कर रहे है,परन्तु कुछ साइबर क्रिमिनल्स जो इंटरनेट पर लोगों को बैवकूफ बनाकर उनके साथ धोखाधडी को अन्जाम देते है । ऐसे व्यक्तियों से सावधान रहनें की आवश्यकता है। क्योंकि कुछ साइबर क्रिमिनल्स खुद को विदेशी बताकर सोशल मीडिया पर खुद को अच्छी जॉब या खुद को अच्छा बिजनेसमैन बताकर दोस्ती करते है ।

जिससे कुछ लोग इनकी बातों में आकर उनके साथ दोस्ती कर लेते है और फिर फेसबुक तथा व्हाट्सअप के माध्यम से बातचीत करते है।

इस दौरान पिनगवां थाना प्रभारी राजवीर सिंह ने छात्राओं को बताया कि काफी दिनों तक आपस में बातचीत करने पर वो आपको गिफ्ट या आई फोन इत्यादि भेजनें के लिए कहते है, और कहते है आपको बस कस्टम डयूटी देनी है। ऐसे में आपको गिफ्ट, आई फोन इत्यादि के लालच में आकर कोई किसी भी प्रकार की कस्टम डयूटी भरने की जरुरत नहीं है, क्योंकि साइबर क्रिमिनल्स आपसे धीरे-2 करके लाखो रुपये की राशि ठग लेते है, ऐसे में किसी अजनबी पर विश्वास ना करें और अगर कोई व्यक्ति आपको कस्टम डयूटी की डिमांड करता है तो सावधान हो जाए वह साइबर क्रिमिनल है और वो आपके साथ धोखाधडी कर रहा है ।

उन्होंने कहा कि ऐसे में किसी अन्जान व्यक्ति के साथ सोशल मीडिया पर दोस्ती ना करें ना ही किसी प्रकार की निजी जानकारी सांझा करें । ऐसे व्यक्ति से सावधान रहें और सुरक्षित रहें ।

गुरूग्राम में एक फिर 26 अक्टूबर से लगने जा रहा है राष्ट्रीय स्तर का सरस मेला

एमके अरोड़ा,भरोसा मित्र

गुरुग्राम। गुरूग्राम जिला में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान के सहयोग से दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर के सरस आजीविका मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 26 अक्टूबर से 11 नवंबर तक सैक्टर-29 स्थित लेजरवैली ग्राउंड में लगाया जाएगा जहां पर देश के 28 राज्यों से आई स्वयं सहायता समूह की 800 दीदी अपनी कला एवं संस्कृति से जुडे हस्तनिर्मित उत्पादों की स्टॉल लगाएंगी। खाने पीने के शौकीन लोगों के लिए अलग-2 राज्यों के लाइव फूड स्टॉल अलग से लगाएं जाएंगे। एक प्रकार से इस मेले में आने वाले लोगों को मिनी भारत के दर्शन होंगे, जहां पर अलग-2 राज्यों के लोकप्रिय उत्पादों के अलावा स्वादिष्ट व्यंजन मिलेंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से वहां की संस्कृति को जानने व समझने का पूरा अवसर मिलेगा। इसके अलावा, यहां स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए रोजाना अलग-2 विषयों पर कार्यशाला भी आयोजित की जाएंगी ताकि वे अपने उत्पादों की बिक्री करने व मार्किटिंग आदि के स्किल विकसित करके ज्यादा मुनाफा कमा सकें। मेले में आमजन के लिए प्रवेश बिल्कुल निःशुल्क रखा गया है। मेला प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से लेकर सांय 9ः30 बजे तक खुला रहेगा। सरस आजीविका मेले को लेकर सोमवार को केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की संयुक्त सचिव स्वाति शर्मा ने गुरूग्राम के लोक निर्माण विश्राम गृह में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में सरस मेले की रूपरेखा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन व राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त प्रयासों से स्वयं सहायता समूह की महिला के जीवन में जो व्यापक बदलाव आ रहे हैं। सरस मेला उसका जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में अभी देश की कुल 9.7 करोड महिलाएं जुडी हैं। जिसे जल्द ही 10 करोड की संख्या के पार ले जाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें सही समय पर निर्धारित मात्रा में फण्ड उपलब्ध कराए जाएं। जिसमे रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के सर्कुलर भी बेहतर सहयोग कर रहे हैं। स्वाति शर्मा ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की दीदियों की आर्थिक उन्नति से बैंकों का भी उन पर विश्वास बडा है। जिसके चलते विभिन्न राज्यों में आज एनपीए यानि नॉन-परफॉर्मिंग एसेट दो प्रतिशत से भी कम है।

आस्था — मेवात में रामलीलाओं में बढ़ रही दर्शकों की भीड़

रामलीला में हनुमान जी ने लगाई रावण की लंका में आग

आस मोहम्मद,भरोसा मित्र

नूंह। मेवात जिले में जगह-जगह रामलीलाओं का मंजन किया जा रहा है। नूंह शहर में जहां भव्य रामलीलाओं का मंचन किया जा रहा है,वहीं जिले के कस्बा पिनगवां में भी रामलीलाओं में भारी भीड़ देखने को मिल रही है। आपको बता दें कि पिनगवां की रामलीलाओं में हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल देखने को मिलती है, यहां जितने दर्शक हिंदू समाज के होते हैं ,उससे कहीं ज्यादा दर्शक रामलीला देखने के लिए मुस्लिम समाज के आते हैं। रविवार को पिनगवां की रामलीला में राधा रमन नाटक मंडल के तत्वाधान में शहर के कलाकारों द्वारा रामलीला में रविवार को श्री राम सुग्रीव मित्रता बाली वध लंका दहन की लीला का मंचन किया गया। भगवान श्री राम जब माता सीता को खोजते हुए किष्किंधा पर्वत के नजदीक पहुंचे तो वहां पर हनुमान जी ने उनकी मुलाकात सुग्रीव से करवाई। सुग्रीव ने भगवान श्री राम को माता सीता को खोजने का पूरा विश्वास दिलाया तो भगवान श्री राम ने भी बाली का वध करके उनका राज्य वापस दिलाया। हनुमान जी ने 100 योजन का समुद्र पार करके लंका में प्रवेश किया और माता सीता की खोज की और हनुमान जी ने अशोक वाटिका को उजाड़ दिया। जिससे रावण ने गुस्से में आकर अपने पुत्र अक्षय कुमार को हनुमान जी को पकड़ने के लिए भेजा। जहां पर रावण दरबार में हनुमान जी की पूंछ में आग लगा दी गई जिससे हनुमान जी ने पूरी लंका को जलाकर राख कर दिया। इस दौरान हनुमान जी की भूमिका में सुककन लाल गौतम, रावण की भूमिका महेंद्र सिंह पटेल ने निभाई तो बाली की भूमिका राकेश गौतम ने निभाई। सुग्रीव की भूमिका राजपाल बिंदल ने निभाई । इस दौरान रामलीला देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

दशहरा मेले को लेकर जिलाधीश ने नियुक्त किए ड्यूटी मजिस्ट्रेट

नूंह। जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने जिला में विभिन्न स्थानों पर 25 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली रामलीला व दशहरा पर्व के मद्देनजर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 22(I) और 23(द्बद्ब) के तहत ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किये हैं। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशानुसार नायब तहसीलदार फिरोजपुर झिरका तुलसीदास पुलिस स्टेशन फिरोजपुर झिरका क्षेत्र में ड्यूटी मजिस्ट्रेट रहेंगे।

नायब तहसीलदार इंडरी रवि कुमार सदर नूंह क्षेत्र में ड्यूटी मजिस्ट्रेट रहेंगे। सिटी नूंह क्षेत्र में तहसीलदार नूंह तरुण प्रकाश ड्यूटी मजिस्ट्रेट रहेंगे। सिटी तावडू में तावडू के तहसीलदार प्रदीप देशवाल ड्यूटी मजिस्ट्रेट रहेंगे। पिनगवां क्षेत्र में पिनगवां के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मनीष मलिक ड्यूटी मजिस्ट्रेट रहेंगे। इसी प्रकार पुन्हाना में पुन्हाना के तहसीलदार गीता राम ड्यूटी मजिस्ट्रेट रहेंगे । नूंह , तावडू , फिरोजपुर झिरका व पुन्हाना के एसडीएम अपने-अपने खंड में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ओवरऑल इंचार्ज होंगे।

खबर फटाफट

वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगजनों के लिए 25 से 31 तक पंजीकरण शिविर

रेवाड़ी। जिला रेडक्रास सोसायटी रेवाड़ी द्वारा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्का कानपुर के माध्यम से केंद्र सरकार की राष्ट्रीय व्योश्री योजना व अरावली पावर कंपनी लि. झाड़ली झज्जर की सीएसआर योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों को वॉकर, व्हील चेयर, कान की मशीन, छड़ी, व्हील कमोड सहित सिलिकॉन फोन तकिया, नी ब्रेस, सामइनल स्पोर्ट, रवाइकल कॉलर, फुट वियर किट आदि सहायक यंत्र व उपकरण तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की एडीआईपी योजना के तहत दिव्यांगजनों को बैटरी चालित तिपहिया साईकिल, पहिया कुर्सी, बैशाखी, कृत्रिम अंग आदि सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए जिला के विभिन्न खंडों में 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक पंजीकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे। डीसी एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसायटी रेवाड़ी राहुल हुड्डा ने बताया कि बुधवार 25 अक्टूबर को रावमावि कोसली, गुरूवार 26 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बावल, शुक्रवार 27 अक्टूबर को बीडीपीओ डहीना, शनिवार 28 अक्टूबर को बीडीपीओ जाटूसाना, रविवार 30 अक्टूबर को आईटीआई कुंड तथा सोमवार 31 अक्टूबर को हेमचंद्र विक्रमादित्य सामुदायिक भवन मॉडल टाउन रेवाड़ी में बजे तक निशुल्क पंजीकरण शिविर आयोजित कर पंजीकरण किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को अपने साथ आधार कार्ड व आय प्रमाण पत्र की फोटो प्रति के साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो लानी होगी जबकि दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र व दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लेकर आनी है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगजनों से आह्वान किया कि वे पंजीकरण शिविरों का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं।

रेवाड़ी में 20 व 21 नवंबर को होगा युवा महोत्सव का आयोजन

रेवाड़ी। हरियाणा सरकार द्वारा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के माध्यम से राज्य के प्रत्येक जिले के युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोडने् एवं उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी जिलों में जिला युवा महोत्सव का आयोजन किया जएगा। जिला युवा महोत्सव का आयोजन 17 व 18 नवंबर तथा 20 व 21 नवंबर को किया जाएगा, जिसके लिए पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर है। डीसी राहुल हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला युवा महोत्सव विलुप्त होती लोक कला को संजोने का हरियाणा सरकार का बेहतरीन प्रयास है। उन्होंने बताया कि 17 व 18 नवंबर को जिला अंबाला, पंचकूला, कुरूक्षेत्र, यमुनानगर, करनाल, पानीपत, कैथल, हिसार, जींद, फतेहाबाद व सिरसा तथा 20 व 21 नवंबर को रेवाड़ी सहित फरीदाबाद, पलवल, नूहं, गुरूग्राम, महेंद्रगढ़, रोहतक, झज्जर, चरखी दादरी तथा भिवानी में जिला युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिले में 750 रुपए से लेकर 15000 रुपए तक के 48 नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के लिए जिला युवा समन्वयक अधिकारी एवं प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से संपर्क किया जा सकता है। जिला युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए प्रतिभागी की आयु 15 से 29 वर्ष के बीच तथा परिवार पहचान पत्र अनिवार्य है।

पुलिस ने आमजन को साइबर अपराधों के बारे में कराया अवगत

नारनौल। हरियाणा पुलिस द्वारा अक्टूबर माह को साइबर जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके तहत जिला पुलिस द्वारा आमजन को प्रतिदिन साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया जा रहा है। आज साइबर थाना की पुलिस टीम से एएसआई इंद्रजीत ने रेडियो अरावली के माध्यम से साइबर अपराध के बारे में लोगों को जागरूक किया और उन्हें बताया कि साइबर अपराध से बचने के लिए हमें किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। इसका प्रसारण कल सुबह 11 बजे और शाम 4 बजे किए जाएगा। फैक्टशाला के अंतर्गत इस टीम द्वारा साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान शपथ भी ली गई कि मैं यह प्रतिज्ञा करता हूं कि इस जानकारी का उचित प्रयोग करूंगा और आगे सांझा करूंगा और स्वच्छ प्रसारण का निर्माण करूंगा। इस दौरान साइबर क्राइम थाना से एएसआई इंद्रजीत और रेडियो अरावली का स्टाफ मौजूद रहा। एएसआई इंद्रजीत ने साइबर अपराध के बारे में बताते हुए बताया कि कम्प्यूटर/मोबाइल और इंटरनेट से जुड़े अपराध को ही साइबर अपराध कहा जाता है। ऐसा कोई भी अपराध जिसमें कम्प्यूटर/मोबाइल, इंटरनेट नेटवर्क एवं हार्डवेयर तथा उससे संबंधित उपकरणों का उपयोग किया गया हो, साइबर अपराध कहलाता है। साइबर अपराध वह अवैधानिक कार्य है जिसमे कम्प्यूटर/मोबाइल या तो औजार की तरह या लक्ष्य की तरह प्रयोग होता है अथवा दोनों ही तरह से प्रयोग होता है। एएसआई इंद्रजीत ने बताया कि मोबाइल मैसेजिंग एप पर अगर टू वे वेरिफिकेशन नहीं होता है, तो ठग आसानी से यूजर के नंबर से एप अपने मोबाइल पर इंस्टाल कर लेता है। इंस्टालेशन के दौरान बैकअप भी ठग के पास पहुंच जाता है। इससे यूजर्स की निजी तस्वीर और वीडियो भी ठग के पास पहुंच जाती हैं। ठग यूजर की निजी तस्वीर और वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर पैसे ऐंठ सकते हैं। उन्होंने बताया कि साइबर ठगी होने के बाद अगर लोग जल्द से जल्द पुलिस में शिकायत करेंगे तो पुलिस उन्हें आर्थिक नुकसान से बचा सकती है। अगर लोग ठगी होने के तुरंत बाद 1930 पर पुलिस को शिकायत करते हैं, तो पुलिस लोगों को आर्थिक नुकसान बचा सकती है। ठगी का शिकार हुए लोग नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर भी शिकायत कर सकते हैं। इसके साथ ही टीम ने बताया कि किन बातों का ध्यान रखना चाहिए और कैसे बचाव करना चाहिए। इस अवसर पर सीए अमित गर्ग, केडी शर्मा, स्टेशन डायरेक्टर राज यादव सहित अन्य स्टाफ उपस्थित था।

सेक्टर 21 -ए में जागरण एवं विशाल भंडारे का आयोजन

फरीदाबाद। सेक्टर 21-ए के हुड्डा मार्केट पार्क में नवयुवक संगठन के तत्वावधान में एक सप्ताह चले मां भवानी दरबार की फाइनल यज्ञाहूति एवं आरती भक्ति भाव से परिपूर्ण माहौल में सोमवार को संपन्न हुई । विपिन कुमार एवं सुनील कुमार ने बताया कि मंगलवार को दशहरा के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। समन्वय मंदिर सेक्टर 21-डी के प्रतिनिधि पुजारी अमित पाठक एवं संतोष गौतम ने पूजा अर्चना अनुष्ठान मंत्रोचार के साथ पूर्ण करवाया । नवयुवक संगठन सेक्टर 21-ए से जुड़े सदस्यों , पदाधिकारियों एवं उनके परिवारजनों ने सुख, शान्ति एवं समृद्धि के लिए परस्पर दशहरा पर्व की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया । इस अवसर पर बलबीर, राजेश, गोलू, संतोष, छोटेलाल , भारत, विनोद कुमार, मनोज कुमार आदि कई श्रद्धालु उपस्थित थे ।

रेवाड़ी में 101 तो बेरली में होगा 125 फुट ऊंचे रावण के पुतले का दहन

सोमवार को इस पुतले को बड़ी क्रेन की सहायता से खड़ा किया गया

बताया गया कि पर्यावरण प्रदूषण की समस्या को देखते हुए इस पुतले में सभी ग्रीन पटाखे इस्तेमाल किए गए हैं

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। विजयदशमी का पर्व जिलेभर में आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। शहर में अनेक स्थानों पर अहंकार के प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। पुराना हाउसिंग बोर्ड व अनाज मंडी की ओर जाने वाले रास्ते पर खुले मैदान में श्री श्याम दिवाना मंडल की ओर से इस बार 101 फुट के रावण का दहन किया जाएगा। सोमवार को इस पुतले को बड़ी क्रेन की सहायता से खड़ा किया गया। विजयदशमी के अवसर पर इस बार श्री श्याम दिवाना मंडल की ओर से हाउसिंग बोर्ड व अनाज मंडी को जाने वाले मार्ग पर खुले मैदान

में 101 फुट ऊंचे रावण का दहन किया जाएगा। इस रावण का निर्माण करने के लिए पांच कारीगर दिल्ली व पानीपत से यहां पहुंचे हैं। जिन्होंने कई दिनों की मेहनत के बाद इस पुतले को तैयार किया है। श्री श्याम दिवाना मंडल के प्रधान नवनीत ने बताया कि 101 फुट लंबे इस पुतले में 51 फुट की मूछे भी लगाई गई है। इस पुतले पर करीब ढाई लाख रुपये का खर्च आया है। उन्होंने यह भी बताया कि पर्यावरण प्रदूषण की समस्या को देखते हुए इस पुतले में सभी ग्रीन पटाखे इस्तेमाल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से भी इसकी अनुमति मिल चुकी है। इसके अलावा जिला सचिवालय के पीछे हुडा मैदान में भी रावण के पुतलों का दहन किया जाएगा। जिसके लिए जिला प्रशासन की ओर से भी व्यवस्थाओं की तैयारी की गई है। पुलिस सुरक्षा के साथ-साथ दमकल विभाग व एम्बुलेंस को भी मौके पर तैनात किया जाएगा। उधर, जिले के गांव बेरली कलां में भारत की आजादी से पहले से चली आ रही सर छोटू राम रामलीला क्लब द्वारा दशहरा पर 125 फुट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। जो आसपास के क्षेत्र में आकषर्ण का केंद्र बना हुआ है। प्रधान राजेश कुमार ने बताया कि रावण की तैयारी के लिए कारीगर मुकेश कुमार के नेतृत्व में अनेक कारीगरों ने इस पुतले का निर्माण किया है। उन्होंने बताया कि संजीव, राहुल, प्रवीन, विनय, राजेश शर्मा, केशव, पुनीत, गौरव, गजेंद्र, पियूष, अभिषेक, काली आदि अपना सहयोग कर रहे हैं।

रावण दहन स्थल की बैरीकेटिंग कर बनाने होंगे निकासी द्वार: एसपी

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने 24 अक्टूबर को मनाए जाने वाले दशहरा पर्व को लेकर सुरक्षा को लेकर आमजन व आयोजकों से अपील की है कि रावण दहन स्थल के चारों तरफ बैरीगेटिंग को समय से पहले लगाए तथा जनता के आने-जाने के लिए रास्ता निर्धारित करें। रावण दहन स्थलों के निकट वाहन पार्किंग की व्यवस्था न करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि समारोह स्थल के निकट पर्याप्त मात्रा में पानी व अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था कराई जाए तथा एंबुलेंस का प्रबंध भी किया जाए। शोभा यात्रा, रावण दहन व पार्किंग स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में अपने स्वयंसेवकों को भी नियुक्त करें। शोभा यात्रा के दौरान मार्ग अवरुद्ध न करें। दशहरा ड्यूटी पर नियुक्त पुलिस कर्मचारियों-अधिकारियों का सहयोग करें। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन द्वारा दी गई अनुमति की शर्तों की पालन करें। दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण एवं भाईचारे के साथ संपन्न करने के लिए पुलिस मुस्तैद है।

पैट्रिओटिक समूहगीत में आरडीएस तथा रंगोली में आरपीएस स्कूल बना विजेता

बाल महोत्सव में 360 विद्यार्थियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में की शिरकत

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। उपायुक्त के मार्गदर्शन में जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल भवन में चल रहे बाल महोत्सव-2023 के नौंवे दिन पैट्रिओटिक ग्रुप सॉन्ग (चतुर्थ वर्ग), रंगोली (तृतीय व चतुर्थ वर्ग), क्विज कॉन्टेस्ट (चतुर्थ वर्ग) तथा वन एक्ट प्ले थियटर (चतुर्थ वर्ग) आदि स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। जिसमें जिलेभर से पहुंचे 360 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। सोमोवार को आयोजित कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव रहे। उन्होंने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जव्लित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी नें बाल महोत्सव 2023 कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि आज 360 बच्चों ने पैट्रिओटिक

ग्रुप सोंग (चतुर्थ वर्ग), रंगोली (तृतीय व चतुर्थ वर्ग), क्विज कॉन्टेस्ट (चतुर्थ वर्ग) तथा वन एक्ट प्ले थियटर प्ले (चतुर्थ वर्ग) में भाग लेकर अपना हुनर दिखाया। सोमवार को हुए पैट्रिओटिक ग्रुप सोंग (चतुर्थ वर्ग) में आरडीएस पब्लिक स्कूल धारुहेड़ा ने प्रथम, आरपीएस रेवाड़ी ने दूसरा तथा आरपीएस धारुहेड़ा ने तीसरा स्थान अर्जित किया। कैनाल वैली पब्लिक स्कूल तथा यूरो इंटरनेशनल स्कूल का चयन सांत्वना पुरस्कार के लिए किया गया। चतुर्थ वर्ग की रंगोली में आरपीएस रेवाड़ी ने प्रथण, आरपीएस धारुहेड़ा ने दूसरा तथा राज इंटरनेशनल स्कूल, आरडीएस धारुहेड़ा तथा स्वामी विवेकानंद स्कूल गुरावड़ा की टीमों ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान अर्जित किया। केरला पब्लिक स्कूल, कैनाल वैली पब्लिक स्कूल, सीआर इंटरनेशनल स्कूल बावल तथा आरपीएस स्कूल कोसली ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया। सुरेन्द्र मोरवाल, सतबीर सिंह तथा श्रीमति प्रर्मिला ने निर्णायक मण्डल की भूमिका निभाई। इस मौके पर अजमेर गोदारा, अनिल मोरवालए सहायक कार्यक्रम अधिकारी, प्रवीन लेखाकार, अमित यादव, सुकरम यादव, अनिल शर्मा आदि भी मौजूद रहे।

आईजीयू में अलुमनी मीट-2 का हुआ आयोजन

पूर्व विद्यार्थियों ने अपने दौर के खट्टे-मीठे पल किए सांझा

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। मीरपुर स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा अलुमनी मीट संगम 2- का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ष 2014 में विश्वविद्यालय में विभाग की स्थापना के बाद पास आउट हुए विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि इसी विधि विभाग से वर्ष 2018 में एलएलएम की डिग्री हासिल करने वाले एडवोकेट विजयपाल कौशिक रहे। विभाग के अध्यक्ष डा. रविन्द्रा ने अतिथि का स्वागत किया। इस दौरान जहां एक ओर पास आउट विद्यार्थियों ने मंच से अपने दौर के खट्टे-मीठे पल साझा किये, वहीं दूसरी ओर विभाग के मौजूदा विद्यार्थियों अंजलि व प्रवीण ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। विशिष्ट अतिथि ने अपने संबोधन में आज के युग में विधि के विभिन्न आयामों के बारे में बताया। विधि के विद्यार्थियों को इस तकनीकी युग में कानून का बेहतर ज्ञान प्राप्त हो सके तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय व अन्य उच्च न्यायालयों में चल रही मामलों की लाइव सुनवाई देखी जा सके, इसके लिए विधि विभाग को एक 56 इंच की एलसीडी भी उपहार के तौर पर दी। कार्यक्रम में विशेष तौर पर पहुंचे अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो. निखिलेश यादव व विश्वविद्यालय की एलुमनाई डायरेक्टर प्रो. रोमिका बत्रा ने भी मंच से सभी विद्यार्थियों को विधि की महत्वता के बारे में बताया। डा. अरविंद ने विशिष्ट अतिथि व सभी विद्यार्थियों का धन्यवाद किया।

जादू शो के माध्यम से दिया भ्रूण हत्या रोकने और जल संरक्षण का संकेत

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। बावल रोड़ स्थित हुडा ग्राउंड में चल रहे जादूगर शिवकुमार के जादू शो इन दिनों दर्शकों को खूब लुभा रहा है। जिसके कारण इस परिवारिक जादू शो में दर्शकों जमकर लुत्फ उठा रहे है। जादूगर शिव कुमार ने अपने हाउस फुल शो के दौरान लडक़ी को गायब करना, लडक़ी को हवा में उड़ाना, लडक़ी के आठ टुकड़े करना, वरमुंडा ट्राइंगल इफेक्ट, खाली हाथों से नोटों की बारिश करना, फूलों का बगीचा, मानव कटिंग, गांधी जी की प्रतिमा प्रकट करना सहित कई हैरत अंजेब आइटम दिखाए। जिन्हें देखकर दर्शक दंग रह गए। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के इस मैजिक शो को देख शहरवासी प्रसन्न नजर आए। दर्शकों से भरे हाल में जादूगर शिव कुमार लोगों को स्वच्छता अभियान, पर्यावरण और जल संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए नशा मुक्ति तथा कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं तो वहीं अंधविश्वास, पाखंडवाद, सामाजिक बुराइयों और नशे के खिलाफ भी जागरूक कर रहे हैं। बता दें अपने जादू शो के जरिए जादूगर शिव कुमार काफी लंबे समय से इस लुप्त होने जा रही जादू कला को जीवित रखने में लगे हुए हैं। साथ ही ये आज के वैज्ञानिक युग में जादू कला को प्रदर्शित कर उससे लोगों को जोडने् का प्रयास कर रहे हैं।

नए शैक्षणिक सत्र ने ट्रांसफर ड्राइव चलाने की मांग को लेकर सीएम व शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। हरियाणा प्रदेश के छात्र-अभिभावक मंच ने जनहित में मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को लिखे स्मरण पत्रों में शिक्षकों के तबादले चालू शैक्षणिक सत्र के आधे से ज्यादा समय बीत जाने के इन दिनों में करने की बजाय जल्द शुरू होने वाले नये शैक्षणिक सत्र में करने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्र-अभिभावक मंच के प्रांतीय समन्वयक भारत भूषण सहित अनेक विचारवान अभिभावकों का कहना है कि प्रदेशभर के सरकारी स्कूलों का आधा से ज्यादा शैक्षणिक सत्र बीत चुका है। स्कूलों में लाखों बच्चे और हजारों शिक्षक पढ़ाई के चालू गतिमान वातावरण में पढ़ाई करने-कराने में जुटे हैं । मगर यह सूचना पाकर उनमें अचानक खलबली मच गई है कि शिक्षा विभाग अब शिक्षकों का जनरल ट्रांसफर ड्राइव चलाएगा, जो आगामी नवम्बर माह में सम्पन्न होगा। लोगों का कहना है कि इस समय ट्रांसफर ड्राइव चलाने से न केवल लाखों बच्चों की पढ़ाई का नुकसान हो सकता है, बल्कि शिक्षकों की इधर-उधर आवाजाही के कारण सुचारू रूप से चल रहे शिक्षा के माहौल में बहुत बड़ी बाधा उत्पन्न होगी। शैक्षणिक संस्थाओं का सामान्य वातावरण भी डिस्टर्ब होना भी स्वाभाविक है। इस दौरान बच्चों को पढ़ाने वाले हजारों शिक्षकों की मानसिक शांति भी अधर में लटकी रहेगी, जिससे वे अपना पूरा ध्यान बच्चों की पढ़ाई पर केंद्रित नहीं कर पाएंगे। ऐसे में मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को लिखे स्मरण पत्रों में अनेक अभिभावकों, शिक्षाविदों व विद्यार्थियों ने शिक्षकों का जनरल ट्रांसफर ड्राइव जनहित में अब न चलाकर लगभग 5 माह बाद आगामी शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में ही किए जाने का अनुरोध किया है।

बाइक चोरी के दो अपचारी अभिरक्षा में, मोटरसाइकिल बरामद

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा-निर्देश व उप पुलिस अधीक्षक संजीव बल्हारा के नेतृत्व में कार्य करते हुए एंटी व्हीकल थैफ्ट पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में दो अपचारी बालको को अभिरक्षा में लेकर चोरी की गई बाइक को बरामद किया है। जांचकर्ता ने बताया कि गांव अहमदपुर पडतल निवासी प्रमोद कुमार ने अपनी शिकायत में बताया की वह गत 14 अक्तूबर को अपनी बाइक को लेकर खेत में गया था। उसने अपनी बाइक को अपने खेत से कुछ दूरी पर रास्ते की साइड में खड़ा किया था। जब वह अपने खेत में बुआई करने के बाद बाइक लेने आया तो उसकी बाइक वहा नहीं मिली। जिस पर पुलिस नेचोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की थी। इस मामले में सोमवार को एंटी व्हीकल थैफ्ट पुलिस ने दो अपचारी बालको को अभिरक्षा में लेकर चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। पुलिस द्वारा अपचारी बालकों को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश किया जाएगा।

अशोक वाटिका उजाड़न व लंका दहन के दृश्यों ने किया रोमांचित

रावण द्वारा लंका से निकालने के बाद भगवान राम की शरण में पहुंचे विभीषण

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। श्री घंटेश्वर महादेव मन्दिर आदर्श रामलीला के मंच पर बीती रात्रि शबरी द्वारा राम जी को बेर खिलाने, बाली वध करने से लेकर हनुमान जी द्वारा सीता की खोज में लंका की ओर प्रस्थान करने, विभीषण से मिलने, अशोक वाटिका उजाडने, अक्षय कुमार को मारने, मेघनाद द्वारा ब्रह्मास्त्र में बांध कर रावण के दरबार में पेश करने, रावण द्वारा हनुमान जी की पूंछ में आग लगाने, लंका दहन कर वापस आकर राम जी को सीता जी का संदेश देने, रावण द्वारा विभीषण को देश निकाला देने, रामजी द्वारा अंगद को रावण के दरबार में भेजने तक की लीला का मंचन किया गया। लीला के सचिव याद के सुगन्ध ने बताया कि लीला का शुभारभ निर्देशक भारत भूषण कश्यप के पुत्र आदित्य कश्यप और पौत्र विवान कश्यप ने रिबन काटकर किया। मुख्य संरक्षक अशोक शर्मा व प्रधान एमपी गोयल ने बताया कि ललित, रूपेश, हिमांशु, विजय पंवार, संजय, शुभम ने विभिन्न किरदार निभाएं। श्याम सुंदर, भोला राम गुप्ता, अमित, श्रीपति शेखावत, रमेश वशिष्ठ, विकास गुप्ता, सुभाष गुप्ता, मन मयूर सुगंध, कुश आदि सहयोग दिया। उधर, नई अनाज मंडी में श्री शिव रामलीला समिति की चल रही लीला में बीती रात्रि लंका दहन व विभीषण शरणागत की लीला दिखाई गई। रामलीला के महासचिव दीपक मंगला ने बताया की मंच का संचालन भूपेंद्र गुप्ता ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि घनश्याम डाटा ने सभी को 18 वर्ष से कम उम्र में वाहन न चलाने की शपथ दिलवाई। लीला में दिखाया गया भगवान राम ने प्रभु हनुमान को माता सीता की खोज में भेज दिया। हनुमान जी महाराज लंका में पहुंचे और वहां उन्होंने अशोक वाटिका में माता सीता को देखकर सारी वाटिका को उजाड़ दिया। उन्होंने अक्षय कुमार को मार गिराया व लंका में आग लगा दी। समझाने के चलते रावण ने भाई सुग्रीव को लंका से निकाल दिया।

कंचक पूजन के साथ नवरात्र पर्व का हुआ समापन

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। पिछले नौ दिनों से चले आ रहे महामाई दुर्गा के नवरात्र पूजन का दुर्गा व राम नवमी के साथ समापन हो गया। मां के भक्तों ने कन्याओं का पूजन कर उपहार दिए। वहीं, मौहल्ला बारा हजारी स्थित दुर्गा मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पिछले नौ दिनों से चले आ रहे नवरात्र पूजन का सोमवार को राम नवमी पर समापन कर दिया गया। श्रद्धालुओं ने सुबह के समय घरों में सार्वजनिक रूप से पूजन किया तथा कंजकों को भोजन व पूजा कर उन्हें उपहार एवं नकद धनराशि प्रदान की। कन्याओं को हलवा-पूरी व छोले के साथ-साथ नारियल एवं फलों का प्रसाद भी वितरित किया गया। श्रद्धालुगण कन्याओं को एक घर से दूसरे घर ले जाते हुए भी दिखाई दिए।

जयंती रेवाड़ी, कोसली व बावल में होगा रन फॉर यूनिटी का आयोजन

एकता व भाईचारे के संदेश के साथ दौड़ेगा रेवाड़ी जिला: पाटिल

एडीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल व एसपी दीपक सहारन ने रन फ़ॉर यूनिटी को लेकर बैठक ली

सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 को

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर जिला रेवाड़ी मुख्यालय सहित कोसली व बावल उपमण्डल में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। आमजन की सक्रिय भागीदारी के साथ यह दौड़ देश की एकता व अखंडता को समर्पित होगी, जिसमें हर वर्ग की उल्लेखनीय भागीदारी रहेगी। यह बात अतिरिक्त उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने आज कम्युनिटी पुलिसिंग तथा आउटरीच कार्यक्रम हरियाणा के विशेष

अधिकारी पंकज नैन (आईपीएस) के साथ रन फॉर यूनिटी को लेकर हुई वीडियो कांफ्रेंस के बाद सम्बंधित अधिकारियों के साथ सांझा की। बैठक में एसपी दीपक सहारन ने कहा कि राष्ट्रीय भावना के साथ रेवाड़ी जिला मिलकर दौड़ लगाते हुए सरदार वल्लभ भाई पटेल जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेगा। बैठक में एडीसी पाटिल ने बताया कि हर वर्ष की तरह 31 अक्टूबर को होने वाले इस कार्यक्रम में जिला के लोगों की प्रभावी जन भागीदारी रहेगी। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी लगभग 3 किलोमीटर की दौड़ लगाएंगे। शहर के राव तुलाराम स्टेडियम के सामने से दौड़ सुबह 7 बजे से शुरू होगी। प्रतिभागियों को सुबह 6-30 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचना होगा। उन्होंने बताया कि रन फॉर यूनिटी के माध्यम से जिला रेवाड़ी वासी एक साथ देश की एकता व अखंडता का संकल्प लेते हुए दौड़ेंगे। सुबह 7 बजे हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया जाएगा। इस दौरान स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थी, नेहरू युवा केंद्र के युवा, सीनियर सिटीजन, महिलाएं तथा आम नागरिक समाज में एकता व भाईचारा का संदेश देते हुए रन फॉर यूनिटी में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यह दौड़ राष्ट्रीय एकता का प्रतीक होगी जिसमें प्रतिभागी अपने हाथ में तिरंगा लिए दौड़ लगाएंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए संबंधित एसडीएम नोडल अधिकारी होंगे।

मेरी माटी-मेरा देश अभियान

25 अक्टूबर को रोहतक में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

रेवाड़ी से रोहतक ले जाए जाएंगे अमृत कलश : एडीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल

एडीसी ने वीडियो कान्फ्रेंस से दिए अधिकारियों को निर्देश

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देशव्यापी अभियान मेरी माटी-मेरा देश के तहत जिलाभर में निकाली गई अमृत कलश यात्रा अब 25 अक्टूबर को रोहतक में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पहुंचेगी। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। एडीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने जानकारी देते हुए बताया कि देशव्यापी मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा का पहला चरण सफलता के साथ संपन्न हो चुका है। जिलाभर में आयोजित हुए कार्यक्रमों के माध्यम से गांव स्तर से विकास खंड स्तर तक अमृत कलश यात्रा संपन्न हो चुकी हैं। अब दूसरे चरण के तहत 25 अक्टूबर को रोहतक में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला रेवाड़ी से अमृत कलश सम्मानपूर्वक रोहतक में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पहुंचाए जाएंगे। एडीसी पाटिल ने संबंधित अधिकारियों को वीडियो कान्फ्रेंस से निर्देश दिए कि वह अपने खंड के अनुसार प्रत्येक बस पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी की ड्यूटी लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय पूर्व उन व्यक्तियों की सूची तैयार की जाए, जो इस कार्यक्रम में पंचायतों की तरफ से शामिल होने के लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पंचायत से एक पंचायत प्रतिनिधि राज्य स्तरीय कार्यक्रम में अवश्य शामिल होगा।

24 page 6_02.qxd 10/23/2023 9:38 PM Page 1

खबर फटाफट

मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने माता मनसा देवी मंदिर में की पूजा

पंचकूला : मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने पत्नी सोनिया त्रिखा खुल्लर सहित सोमवार को नौवें नवरात्रि पर ऐतिहासिक श्री माता मनसा देवी मंदिर में महामायी के दर्शन किए। उन्होंने पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद लिया। उपायुक्त एवं श्री माता मनसा देवी पूजा स्थल बोर्ड के मुख्य प्रशासक सुशील सारवान ने उनका स्वागत किया। अतिरिक्त उपायुक्त वर्षा खांगवाल भी यहां उपस्थित थीं। राजेश खुल्लर ने देश और प्रदेश के चहुंमुखी विकास और लोगों की सुख एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में मंत्रोच्चारण कर आहुतियां भी डाली और कन्या पूजन कर कन्याओं को भोजन भी कराया।

मोबाइल बचाने के चक्कर में युवक ने गंवाई जान

झज्जर : सुनील नामक युवक अपने भाई के साथ यहां से गुजर रही नहर पर घूमने के लिए गया था,बात करते समय उसका फोन नहर में गिर गया। फोन निकालने के लिए जब वह नहर में उतरा तो वहीं डूब गया। अकेडी मदनपुर पंप हाउस पर नहर में उसका शव मिलने की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस टीम ने सुनील के शव को नहर से निकलवाकर नागरिक अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए करवाया। वह उत्तर प्रदेश का रहने वाला था और रोहतक की एक निजी कंपनी में मजदूरी का काम करता था। ल्हावास थाने के जांच अधिकारी एसआई रामपाल ने बताया कि मृतक के भाई कमल के बयान पर भादंसं की धारा 174 के तहत की कार्रवाई की गई है।

जिम में हार्ट अटैक आने से पानीपत के डीएसपी की मौत

करनाल : सोमवार की सुबह जिम में कसरत करते डीएसपी जोगिंद्र देशवाल की दिल का दौरा आने पर मौत हो गई। यह घटना सुबह 5 बजे की है। बताया गया कि उचानक उनके सीने में दर्द हुआ और वह नीचे गिर पड़े। जब उन्हें अस्पताल ले जाया गया तब तक मौत हो चुकी थी। वह पानीपत की जेल में तैनात थे और रहने वाले करनाल के थे। डीएसपी के परिजन करनाल के अस्पताल पहुंच गए थे। जहां उनके शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा गया।

एसएचओ को पीटा,सिर और मुंह पर मारे मुक्के

चरखी दादरी : शराब के नशे में धुत्त एक युवक ने सिटी थाना के एसएचओ की पिटाई कर दी और उनके बेटे को जान से मारने की धमकी दी। जानकारी के अनुसार एसएचओ जब मौके पर गए तब वह युवक अपने परिजनों के साथ मारपीट कर रहा था। पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।वार्ड 16 में रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी थी कि उसका बेटा जितेंद्र शराब के नशे में उससे व परिवार के लोगों के साथ मारपीट कर रहा है। जब पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची तो उसे समझाने का प्रयास किया। इतने में वह एसएचओ के साथ दुर्व्यवहार करने लगा और उनके पर मुक्के से वार करने लगा। पुलिस टीम के शेष कर्मियों ने उसे काबू किया।

फर्जी दोस्त बनकर किया फोन, छह लाख की चपत लगाई

रोहतक : महर्षि दयानंद विवि के एक छात्र वॉट्सऐप पर कॉल आई और सामने वाले ने उसका दोस्त बनकर बात की। उसने एजेंट की मदद के लिए पहले खाते में रुपए डलवाने की झूठी रसीद भेजी। यह देखकर छात्र ने एजेंट के खाते में 6 लाख रुपए डलवा लिए। इस धोखाधड़ी का खुलासा उस समय हुआ जब उसने बैंक में पता किया तो ठगे जाने का पता चला। उसने इसकी शिकायत पुलिस को दे दी। छात्र ने पुलिस को बताया कि वह विवि में पीएचडी की पढ़ाई कर रहा है। उसके वॉट्सऐप पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने स्वयं को उसका दोस्त रोहित बताया जो कनाडा में रहता है। वॉट्सऐप पर प्रोफाइल फोटो भी रोहित का ही लगा हुआ था और आवाज भी मिलती-जुलती ही थी। इस पर उसने छह लाख एजेंट के खाते में ट्रांस्फर कर दिए। बाद में उसे असलियत का पता चला।

गुरु-शिष्य की जोड़ी ने चीन में जीते मेडल

सोनीपत : चीन के हांगझू में आयोजित पैरा एशियन गेम्स में गुरु-शिष्य की जोड़ी द्वारा मेडल जीतने पर यहां खुशी की लहर दौड़ पड़ी। धर्मवीर नैन ने क्लब थ्रो में सिल्वर मेडल जीता है और गांव बैंयापुर के गुरु अमित सरोहा ने ब्रांज मेडल अपने नाम किया है। इस प्रकार पदक जीतने में अपने गुरु से आगे निकल गया।अमित और धर्मवीर के मेडल जीतने के बाद उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। अमित सरोहा के निर्देशन में धर्मवीर नैन प्रैक्टिस करते थे और यह अमित का पांचवां मेडल है। यही नहीं, स्पर्धा का स्वर्ण पदक भी फरीदाबाद के लाडले प्रवण सूरमा ने जीता है।

चंडीगढ़ के सरकारी अस्पतालों में आज ओपीडी रहेगी बंद

चंडीगढ़ : दशहरे के अवसर पर यहां सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवाएं बंद रहेंगी,लेकिन तीनों बड़े अस्पतालों में इमरजेंसी सेवाएं चालू रहेंगी। चंडीगढ़ स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सरकारी अस्पातालों में त्योहारों के मद्देनजर विशेष प्रबंध किए गए हैं। इमरजेंसी के साथ-साथ बर्न यूनिट को भी एक्टिव मोड पर रखा गया है। दशहरे के अवसर पर कई लोग पटाखे भी चलाते हैं। इसलिए अप्रिय घटना से निपटने के लिए प्रबंध किए गए हैं। बर्न यूनिट के सभी सदस्यों को एक्टिव मोड पर रखा है।

फसल अवशेष प्रबंधन में हरियाणा सरकार के प्रयासों का दिखा सकारात्मक असर

पराली जलाने की घटनाओं में आई कमी, अब तक महज 714 मामले आए सामने

इस अवधि के दौरान वर्ष 2022 में पराली जलाने के 893 मामले सामने आए थे

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रदेश में किसानों में जागरूकता के साथ सरकार से सहयोग से पराली जलाने की घटनाओं पर पूर्णतया रोक लगाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा पराली प्रबंधन को लेकर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। प्रदेश में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष पराली जलाने की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। राज्य में अब तक पराली जलाने के 714 मामले सामने आए हैं जबकि इस अवधि के दौरान वर्ष 2022 में पराली जलाने के 893 मामले सामने आए थे।

पंजाब है हरियाणा से आगे

बता दें कि वर्ष 2021 में इनकी संख्या 1508 थी। पड़ोसी राज्य पंजाब में इस साल अब तक पराली जलाने की 1794 घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

समस्या को लिया गया गंभीरता से

हरियाणा सरकार ने पराली जलाने की समस्या को गंभीरता से लिया है और किसानों के सहयोग से पराली जलाने की घटनाओं में कमी लाने में काफी सफलता पाई है। पराली न जलाने को लेकर हरियाणा सरकार ना केवल जागरूकता अभियान चला रही है बल्कि हरियाणा सरकार द्वारा पराली न जलाने व पराली के उचित प्रबंधन के लिए 1000 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा कृषि विभाग द्वारा किसानों को पराली प्रबंधन के लिए विभिन्न मशीनें व उपकरण भी मुहैया करवाए जा रहे हैं।

सरकार राज्य में पराली जलाने पर निगरानी और रोकथाम के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रही है। पराली जलाने वाले किसानों पर एफआईआर भी दर्ज की जा रही है।

जीरो-बर्निंग के लक्ष्य को करना है प्राप्त

प्रदेश में लगातार घट रही पराली जलाने की घटनाओं से साबित होता है कि फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर हरियाणा सरकार द्वारा किसानों को जागरूक करने के प्रयास धरातल पर सफल साबित हुए हैं। राज्य सरकार पराली के जीरो-बर्निंग लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरा प्रयास कर रही है। किसान पराली न जलाएं, इसके लिए सरकार ने सख्त कदम भी उठाए हैं।

फतेहाबाद के किसान पराली जलाने पर अड़े

प्रशासन को दी चुनौती,रोक कर दिखाए कोई

पराली जलने का दोषी किसान नहीं प्रशासन होगा

भरोसा मित्र

फतेहाबाद। जले के टोहाना क्षेत्र में पराली जलाने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, लेकिन कुछ किसानों ने प्रशासन को खुली चेतावनी दे दी है। प्रशासन लगातार पराली जलाने वाले किसानों पर एक्शन ले रहा है।गांव समैन और नांगली के किसानों ने प्रशासन को खुली चेतावनी दी है कि जब तक उन्हें पराली प्रबंधन के साधन नहीं दिए जाते, वे बिना रोक टोक पराली को जलाएंगे। उनका कहना है कि पराली जलने का दोषी किसान नहीं प्रशासन होगा। यदि प्रशासनिक अधिकारियों ने गांव में इस मामले को लेकर कदम रखा तो वे उन्हें बंधक बनाने को मजबूर होंगे। किसानों ने कहा कि दोनों गांवों के किसानों का यह संयुक्त फैसला है, क्योंकि बिना कोई साधन मिले वे पराली जलाने पर मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा बिना सुविधाएं दिए किसानों पर जुर्माना लगाना ठीक नहीं है और यदि प्रशासनिक अधिकारी इस मामले को लेकर उनके गांव में आते हैं तो वे उन्हें बंधक बना लेंगे।

क्यों नाराज हैं किसान

किसानों ने आरोप लगाया कि प्रशासन समैन और नांगली गांवों के किसानों के साथ पक्षपात रहा है। छोटे गांवों में बेलर दे दिए हैं, लेकिन उनके बड़े गांवों में एक बेलर भी नहीं आया। किसानों ने कई दफा बेलर मांगे, लेकिन नहीं दिए गए। इस हालात में अब उनके पास पराली जलाने के अलावा कोई चारा नहीं है। वे जानते हैं कि इससे प्रदूषण होता है और भी नुकसान होते हैं, लेकिन धान के साथ अब ज्यादा मात्रा में फूस होता है, बिना साधन के उसका प्रबंध किसान नहीं कर पा रहा, इसलिए पराली जलाना उनकी मजबूरी है।

आम आदमी पार्टी ने ग्राम सचिव और वार्ड प्रधान नियुक्त किए

अरविंद केजरीवाल 29 अक्टूबर को इन्हें शपथ दिलाने रोहतक आएंगे

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा आम आदमी पार्टी (आप) की ओर से जारी नई संगठन की सूची में शहरों के बाद अब पार्टी ने हरियाणा के गांवों और वार्डों में पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। पार्टी ने ग्राम सचिव और वार्ड प्रधान नियुक्त किए हैं। इस सूची में 6500 से ज्यादा पदाधिकारियों के नाम शामिल हैं।

साथ ही आम आदमी पार्टी ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव को देखते हुए अब तक सूबे में पार्टी ने 11 हजार से ज्यादा पदाधिकारियों की नियुक्ति की है।

पार्टी के सूत्रों ने बताया कि वह जमीनी स्तर पर संगठन बना रहे हैं। इसके तहत 7500 से ज्यादा गांवों और वार्डों में पार्टी समितियों का गठन हो चुकी है। हर गांव और वार्ड में 21 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण दिल्ली के मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल 29 अक्टूबर को रोहतक में शपथ ग्रहण समारोह कराएंगे।

किसानों ने प्रदर्शन के दौरान सरकार के खिलाफ निकाली भड़ास

कर्ज माफ करने और जमीन कुर्की पर रोक की मांग की

भरोसा मित्र

यमुनानगर। संयुक्त किसान मजदूर इंकलाब यूनियन के बैनर तले किसानों ने मांगों को लेकर जिला लघु सचिवालय के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने मांग की है कि भूमि का मालिकाना हक, संपूर्ण कर्ज माफी और किसानों की जमीन कुर्की जैसे कानून को रद्द किया जाए।

किसानों के प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनियन अध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने की। किसानों ने भाजपा- जजपा गठबंधन सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों से जो वादे किए थे उन पर पूरी तरह अमल नहीं किया जा रहा है। जनसभाओं में घोषणा करना बहुत आसान होता है और किसानों को सब्जबाग भी दिखाए जाते हैं, लेकिन इन्हें पूरा नहीं किया जाता। प्रदर्शन के बाद में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नाम छछरौली की तहसीलदार सुदेश कुमारी को ज्ञापन सौंपा गया।

इस मौके पर किसान नेता धर्मवीर सिंह ने बताया कि किसानों को जमीन का मालिकाना हक, संपूर्ण कर्ज माफी की मांग और कुर्की जैसे कानून पर पाबंदी की मांग को लेकर आज प्रदर्शन किया गया है।

स्वामीनाथन आयोग का हवाला दिया

उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में ऐसा कानून किसी देश में नही हैं कि कोई किसान कर्ज न चुका पाए तो उसकी जमीन को कुर्की कर दिया जाता है। फसलों के पूरे दाम न मिलने, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार फसलों की कीमत, समय समय पर महंगाई बढ़ने के साथ फसलों के भाव उसी अनुपात में न बढ़ने के कारण किसान कर्जदार हो गए हैं।

राजस्थान के लिए जेजेपी ने जारी की अपनी पहली सूची

प्रदेशाध्यक्ष पृथ्वीराज मील सूरतगढ़ से प्रत्याशी बनाया गया

भरोसा मित्र

चंडीगढ़/ जयपुर। इसी वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए जेजेपी ने राजस्थान में अपनी प्रथम सूची जारी कर दी है। इसके अनुसार जेजेपी ने छह प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया है।

जेजेपी के प्रदेशाध्यक्ष पृथ्वीराज मील सूरतगढ़ से प्रत्याशी बनाए गए हैं। फतेहपुर से पूर्व विधायक नंद किशोर चुनाव लड़ेंगे। दांतारामगढ़ से जेजेपी महिला प्रदेशाध्यक्ष रीटा सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके साथ ही, खंडेला से सरदार सिंह आर्य को चुनावी मैदान में पार्टी ने उतारा है। कोटपुतली से जेजेपी प्रदेश प्रधान सचिव रामनिवास यादव चुनाव में अपना भाग्य आजमाएंगे। भरतपुर से डॉ. मोहन सिंह को जेजेपी ने अपना प्रत्याशी बनाया है।

दिनदहाड़े सुनार पर जानलेवा हमला, लूटपाट भी की

सिरसा । यहां बेगू रोड पर स्थित राम गोपाल ज्वैलर्स की दुकान पर दिनदहाड़े कुछ बदमाशों ने दुकानदार पर चाकू से वार कर उसे दुकान में लूट की वारदात को अंजाम दे दिया।

आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद वहां पर लगे डीवीआर भी साथ ले गए। पीड़ित ने दुकान के बाहर आकर पड़ोसी दुकानदार को मामले की सूचना दी। जिसके बाद उसे नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां से उसे रेफर कर दिया गया। पीड़ित का शहर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। राम गोपाल ज्वैलर्स की दुकान पर राम गोपाल मौजूद था। बताया जा रहा है कि दो से तीन आरोपी दुकान पर आभूषण लेने के लिए ग्राहक बनकर पहुंचे। इस दौरान राम गोपाल अकेला दुकान पर मौजूद था। जिसके पश्चात उक्त आरोपियों ने मौका पाकर उस पर हमला कर दिया और लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। आरोपियों ने दुकानदार के पेट और मुंह पर चाकू से हमला किया है। वे कितने आभूषण ले गए हैं इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।

फसल खरीद | किसानों को नहीं आ रही परेशानी

प्रदेश में अब तक हुई 41 लाख 73 हजार मीट्रिक टन धान की खरीद

करीब 3 लाख 65 हजार मीट्रिक टन बाजरे की भी खरीद हुई

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देशों पर प्रदेश में 25 सितंबर से शुरू हुई खरीफ फसलों की खरीद सुचारू रूप से जारी है। इसमें निरंतरता बनी हुई है।

किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आ रही है क्योंकि मुख्यमंत्री ने पहले ही खरीद प्रक्रिया से संबंधित सभी तैयारियां सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर फसल की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है और 72 घंटों के भीतर भुगतान सनिश्चित किया जा रहा है।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के आंकड़ों के मुताबिक अब तक हैफेड व अन्य एजेंसियों ने 228754 किसानों से 4173663.43 मीट्रिक टन धान की खरीद की है। कुरुक्षेत्र में सबसे ज्यादा 856108.70 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है।

इसके साथ ही बताया गया कि प्रदेश में बाजरे की खरीद भी सुगम तरीके से चल रही है। 23 अक्टूबर तक 123441 बाजरा किसानों से 365742.35 मीट्रिक टन बाजरे की खरीद की गई है। रेवाड़ी में सबसे ज्यादा 83190.67 मीट्रिक टन बाजरा खरीदा गया है।

किसानों को दी बड़ी राहत

उल्लेखनीय है कि हरियाणा ने अन्य राज्यों से पहले खरीफ फसलों की खरीद शुरू कर किसानों को बड़ी राहत दी है। सरकार द्वारा मंडियों में किसानों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। मंडियों में स्वच्छ पेयजल और किसानों के विश्राम के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। इसके अलावा किसानों को फसल की खरीद के 72 घंटों के भीतर ही भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है। खरीद को लेकर सरकार की व्यवस्था से किसान काफी खुश हैं और पारदर्शी व्यवस्था के लिए किसानों ने हरियाणा सरकार का आभार जताया है।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।

खबर फटाफट

डेरोली जाट में आज दशहरा मेला

नारनौल। गांव डरोली जाट में दशहरा के पावन पर्व के अवसर पर गांव डेरोली जाट में आज विशाल मेला व भण्डारा एवं रात्रि को भजन संध्या का आयोजन प्रबंधक मेला कमेटी व ग्रामवासी डेरोली जाट द्वारा किया जाएगा तथा मेले में विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बालीबाल (लडक़े) बालीबाल (लडक़ी), कबड्डी नेशनल (लडक़े), कबड्डी नेशनल (लडक़ी) तथा कुश्तियां का आयोजन किया जाएगा। जिसमें वालीबाल टीम में प्रथम स्थान पर आने वाले को 15000 तथा दूसरे स्थान पर आने वाले को 11000 का ईनाम दिया जाएगा। वहीं लडक़ों की कबड्डी की प्रतियोगिता में पहले स्थान पर आने वाले टीम को 15000 तथा दूसरे स्थान पर तथा आने वाली टीम को 11000 का तथा तीसरे स्थान पर आने वाली टीम को 7100 इनाम दिया जाएगा। लड़कियों की कबड्डी की प्रतियोगिता में पहले स्थान पर आने वाले टीम को 5100 तथा दूसरे स्थान पर तथा आने वाली टीम को 3100 का इनाम दिया जाएगा। कुश्तियां में 50 की कुश्तियां से लेकर 21000 तक की कुश्तियां का आयोजन किया जाएगा। बाहर से आने वाले खिलाडिय़ों के लिए रहने व खाने की सुविधा का इंतजाम किया जाएगा।

दुर्गा महासर माता मंदिर मेले में पेयजल संकट, श्रद्धालु परेशान

नारनौल। महासर दुर्गा माता मंदिर में जहां आज नवरात्रा पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। वही पेयजल सप्लाई वाले ट्यूबवेल की मोटर जलने से मेले में लोग पीने के पानी को लेकर परेशान रहे। मंदिर में जल संकट छाया हुआ है। चार दिन से अधिक समय मोटर जले हो गया लेकिन मोटर को निकाल कर उसको सही नहीं करवाया जा रहा है। नवरात्रा पर्व पर पर माता मंदिर पर हर दिन हजारों की संख्या में भक्त माता के दर्शन करने आते है। ऐसे स्थान की मोटर को भी ठीक करवाने में प्रशासन सक्रियता नहीं दिखा रहा है। गांव के सरपंच प्रतिनिधि नरेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जन स्वास्थ्य की मोटर खराब हो रही है। उसको ठीक करने के लिए उन्होंने मेले का हवाला देकर जल्द ठीक करवाने की शिकायत दी हुई है, लेकिन जिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उसे ठीक नहीं करवा रहे है। मंदिर में पूजा पाठ करने वाले पुजारी व अन्य लोगों ने बताया कि माता के दरबार में दूर दराज से लोग यहां माता से मन्नते मांगने आ रहे है। अगर इस प्रकार के मौके पर भी पानी न रहे तो लोगों को कितनी परेशानी भुगतनी पड़ती है। इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। बीडीपीओ नवदीप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पानी की वे व्यवस्था करवाते है। मोटर जन स्वास्थ्य विभाग की बताई जा रही है। विभाग के अधिकारियों को वे समस्या से अवगत करवा जल्द समाधान करवाएंगे। हजारों लोग्रों की श्रद्धा का आस्था केन्द्र दुर्गा माता मंदिर में पानी की कमी से लोगों में नाराजगी हैं।

सागरपुर के पूर्व सरपंच का ट्रांसफार्मर चोरी

मंडी अटेली। क्षेत्र में चोरी की घटना बंद नहीं हो रही है। बीती रात गांव सागरपुर के पूर्व सरपंच रोहताश के कुएं पर लगा बिजली का ट्रांसफार्मर चोर चुरा ले गए। सरपच ने पुलिस में शिकायत देकर चोरों का पता लगाने की मांग की है। गांव सागरपुर के पूर्व सरपंच रोहताश ने बताया कि उनके कुएं पर एक बिजली का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था। सुबह कुएं पर गया तो ट्रांसफार्मर का खोखा नीचे पड़ा हुआ था तथा ट्रांसफार्मर से तांबा की क्वाइल निकाली हुई थी। चोर क्वाइल निकाल कर चोरी कर ले गए।

इंसान को बहुत कुछ सिखाती है रामलीला: धर्मवीर भड़ाना

फरीदाबाद। भगवान श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं, उन्होंने जो मर्यादाएं स्थापित की है, उसे अपने जीवन में आधारित कर हमें अपने जीवन को आगे बढ़ाना चाहिए ताकि वह महान जीवन में एक बार फिर स्थापित हो सकें। यह विचार आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने एन आई टी 86 विधानसभा क्षेत्र के नगला रोड पर आयोजित रामलीला में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए व्यक्त किए । उन्होने कहा कि हर वर्ष रामलीला का मंचन इसलिए किया जाता है कि समाज को याद बना रहे कि प्रभु श्रीराम का जीवन संघर्षशील रहा। उनके जीवन से लोग सीख लें। रामलीला के माध्यम से भाई, पिता व पत्नी के प्रति प्रभु श्रीराम का प्यार किस तरह था यह हमें याद दिलाता है। बुराई के प्रति अच्छाई कैसे होती है। किस तरह प्रभु राम ने भगवान होते हुए भी साधारण मनुष्य का जीवन अपना कर पिता के आदेश पर 14 वर्ष का वनवास काटा। हमें उनकी लीला से कुछ न कुछ सीख मिलती है। इस मौके पर रामलीला के आयोजकों ने मुख्य अतिथि धर्मवीर भड़ाना का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर जिला सचिव मेहरचंद हरसाना, अमित कुमार, सचिन चौधरी, सुभाष बघेल, नरेश शर्मा, राम गौर, नवीन कौशिक, जुगनू पहलवान सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे ।

बुराई कितनी भी ताकतवर क्यों न हो, उसका अंत निश्चित: विजय प्रताप

फरीदाबाद। कांग्रेस नेता विजय प्रताप सिंह रविवार को शहर में आयोजित अलग-अलग कार्यक्रमों में पहुंचे और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। सेक्टर-21ए में आरडब्यूए प्रधान गजराज नागर द्वारा आयोजित काली पूजा समारोह में भाग लिया और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर उन्होंने 21 हजार रुपये का सहयोग प्रदान किया। वहीं, शिव दुर्गा विहार लककडपुर में पार्षद जितेन्द्र भड़ाना एवं आशुतोष द्वारा आयोजित मां दुर्गा पूजन कार्यक्रम में शिरकत की और 21 हजार रुपये का सहयोग प्रदान किया। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा के पूजन से नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है। व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है। देवी काली, मां दुर्गा के अवतारों में से एक है। इसी दिन विजय प्रताप सिंह एन.एच.1 जे ब्लॉक में आयोजित लंका दहन कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे और कहा कि जिस प्रकार हनुमान ने अपनी पूंछ से पूरी लंका को जला दिया था, उसी प्रकार आज भी बुराई कितनी भी बड़ी क्यों न हो जाए, उसका अंत निश्चित है। इसलिए व्यक्ति को अपने जीवन में सत्कर्म करना चाहिए और कभी भी अपनी ताकत एवं पैसे का घमंड नहीं करना चाहिए। उन्होंने आयोजकों को 51 हजार रुपये का आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। 1 एच ब्लॉक में भी विजय प्रताप ने लंका दहन कार्यक्रम में हिस्सा लिया और एक लाख रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया। उन्होंने कहा कि न्यू टाउनशिप में हमेशा से हमारी संस्कृति एवं त्यौहारों को सुंदर तरीके से प्रस्तुत करने का काम किया है। इसके लिए आयोजक बधाई के पात्र हैं और इसी प्रकार सुंदर कार्यक्रमों का आयोजन करते रहें। इस मौके पर अजय नाथ, मनीष चड्ढा, अक्षय नौनिहाल, सरदार सुखदेव सिंह, वरिन्द्र सिंह, ढिल्लन जी, कमल खरबंदा, चाहत कुकरेजा, दिशांत खत्री, रिषभ बत्रा, राहुल सरदाना, इशांत कथूरिया आदि ने विजय प्रताप का जोरदार स्वागत किया।

सरकार जनआकांक्षाओं पर खरी नहीं उतरी, जनसमस्या सुनते हुए बोले नागर

जनता मूलभूत सुविधाओं को तरसी

पूर्व विधायक ने कालोनियों में पदयात्रा निकालकर सुनीं लोगों की समस्याएं

पदयात्रा के दौरान तिगांव क्षेत्र में ढूंढे नहीं मिल रहा विकास: ललित नागर

सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। तिगांव क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं नूंह के प्रभारी ललित नागर द्वारा क्षेत्र में शुरू की गई पैदल पदयात्रा का सिलसिला बदस्तूर जारी है। पदयात्रा अगवानपुर अंबेडकर चौक से आरंभ हुई, जो कि रोशन नगर मोड, जगमाल एंक्लेव, गणपति कालोनी, विनय नगर, सूर्या विहार-2, गंगाराम कालोनी होते हुए बाबा साहेब की मूर्ति अगवानपुर में सम्पन्न हुई। पदयात्रा के दौरान लोगों ने पूर्व विधायक ललित नागर को बताया कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते उन्हें परेशानियां पेश आती है, उन्हें विभाग द्वारा अनाप-शनाप बिजली बिल भेजे जाते है, जिसके कारण वह बिल समय पर नहीं भर पाते और जिसके चलते उनके मीटर उखाड़ लिए जाते है, जब वह बिल ठीक करवाकर भरने के लिए कार्यालय जाते है तो उनसे कहा जाता है कि पहले मकान की रजिस्ट्री लाओ, उसके बाद मीटर लगेगा, लेकिन उनके यहां की रजिस्ट्रियां फिलहाल बंद है, जिसके चलते उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने बताया कि उनके यहां टूटी सडक़ें, ओवरफ्लो सीवरेज, पीने के पानी की भी भारी किल्लत है, लेकिन आज तक उनकी समस्याओं की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। लोगों की समस्याएं सुनने के बाद पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि भाजपा सरकार नौ सालों में जनआंकाक्षाओं पर खरी नहीं उतरी हुई, इस सरकार में जनता मूलभूत सुविधाओं को तरसी है, यही कारण है कि लोग अब इस सरकार से पूरी तरह से परेशान हो चुके है। उन्होंने कहा कि तिगांव क्षेत्र की करीब 70 फीसदी आबादी कालोनियों में बसती है, लेकिन पदयात्रा के दौरान उन्हें ढूंढे से भाजपा का विकास नजर नहीं आया, हर तरफ समस्याएं ही समस्याएं है, ऐसा लगता है कि प्रदेश में सरकार व प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं है। विकास के नाम पर आ रहा पैसा केवल बंदरबाट किया जा रहा है। इस अवसर पर ब्रह्म प्रधान, सुंदर नेताजी, अनीश प्रधान, सोहनपाल गोला, मुकुट पाल, रिजवान आजमी, अखिलेश शर्मा, बाबूलाल रवि, राजू नगर, मुकेश कुमार, अशोक रावत, भूप पहलवान, केके चौधरी, विकास गुप्ता, लवकुश मिश्रा, शोभाराम भाटी, सूरज रामबरन मौर्य, राजेंद्र प्रजापति , मनोज नगर, अभिलाष नगर, कमल चंदीला, गंगाराम जाट, राजकुमार शर्मा, भंवर नागर सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

पूर्व शिक्षा मंत्री ने सीएम से बात की, पुलिस हरकत में आई

मृतक वीरेंद्र हत्याकांड की होगी निष्पक्ष जांच, दोषियों मिलेगी सजा : रामबिलास

एएसपी जांच के लिए पहुंची बलाना

परिजनों ने जांचकर्ता आईओ पीएसआई रवि के हत्यारों से मिलीभगत के आरोप में सीटी थाने में धरना देकर पुलिस के खिलाफ की नारेबाजी

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। बलाना निवासी मृतक बिरेन्द्र के मामले को लेकर पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री मनोहर लाल से दूरभाष पर बात करने के बाद जिला पुलिस हरकत में आ गई है। जिसके चलते एएसपी प्रबीना पी सोमवार को गांव बलाना पहुंचकर मृतक के परिजनों से बात कर जांच का आश्वासन दिया है। उल्लेखनीय है कि बलाना निवासी मृतक बिरेन्द्र के परिजनों ने बिरेन्द्र की हत्या की आशंका जताते हुए सुनीता नामक महिला व उसके साथियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की 19 अक्टूबर को महेंद्रगढ़ सिटी थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया था कि पुलिस सिटी महेंद्रगढ़ में कार्यरत पीएसआई रवि शहर में चल रहे होटलों में अनैतिक कार्य करवाता है व होटलो से मंथली लेकर उच्च अधिकारियों को पहुंचना है। यही कारण है कि बार बार शिकायत के बाद भी रवि पीएसआई का महेन्द्रगढ़ से तबादला नही किया जा रहा है। श्री शर्मा ने मृतक वीरेंद्र के परिजनों को आश्वस्त किया है कि वे मृतक वीरेंद्र की हत्या की निष्पक्ष जांच कराएंगे और दोषियों को हर हालत में सजा दिलाएंगे चाहे इसमें पुलिस का कोई कर्मचारी शामिल रहा तो उसको भी नहीं बक्शा जाएगा।

पीएसआई रवि नहीं कर रहा निष्पक्ष जांच

मृतक के भाई विक्रम पुत्र रामनिवास वासी बलाना ने पुलिस स्टेशन महेंद्रगढ़ में दी गई शिकायत में आरोप लगाया था कि 19 अक्टूबर को मेरे फोन पर मेरे भाई के फोन से फोन आया जिसमें एक महिला अपना नाम सुनीता बता रही थी तथा बार-बार फोन करके मुझे कह रही थी कि आपका भाई यहां पर है उसको लेकर जाओ जब हम उसे लेने के लिए महेंद्रगढ़ पहुंचे तो मेरा भाई रोड पर पड़ा था उसके पास वह महिला व एक व्यक्ति खड़ा था जब मैं मेरे भाई को लेकर अस्पताल गया तो वहां डॉक्टरों ने मेरे भाई को मृत घोषित कर दिया। मेरे भाई की उक्त महिला ने हत्या की है इसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए। मृतक के परिजनों ने बलाना के ग्रामीणों को लेकर गत रोज थाने में धरना देकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की थी तथा आरोप लगाया था कि जांच कर रहे पीएसआई रवि निष्पक्ष जांच नहीं कर रहा तथा बिरेन्द्र के हत्यारो से मिला हुआ है।

मां दुर्गा का 44वां विशाल मेला बड़ी धूमधाम से आयोजित किया गया

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। उपमंडल के गांव बेगपुर (अटेली) में मां दुर्गा का 44वां विशाल मेला बड़ी धूमधाम से आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यातिथि प्रसिद्ध समाजसेवी एवं वरिष्ठ नेता राम ओमप्रकाश इंजीनियर ने मां दुर्गा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। जगदम्बा मेला कमेटी बेगपुर को राव ओमप्रकाश इंजीनियर ने 51 हजार रुपये भेंट कर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया।

जगदम्बा मेला कमेटी बेगपुर द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में कबड्डी के खिलाडिय़ों की भारी भीड़ रही। जिसमें प्रथम स्थान मोनू टीम का रहा, जबकि द्वितीय स्थान पर अहरी गांव की टीम रही। जिनको क्रमश 41 व 31 हजार रुपये नकद ईनाम सरपंच राव रणबीर सिंह ने दिया। लम्बी दौड़ में अनिल कुमार बाला जी एकेडमी नारनौल व द्वितीय मोहन सेका रहा। बुजुर्ग दौड़ में रामकिशन बाढड़ा प्रथम व द्वितीय स्थान पर रामभक्त पालावास रहा। मेला में दर्शनार्थियों में महिला व पुरुषों की भारी भीड़ देर सायं तक रही। लाखों भक्तों ने दर्शन कर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। सभी भक्तों ने राम सरपंच बेगपुर द्वारा शुद्ध देशी घी के भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। मेले में बच्चों के लिए झूलों का आकर्षण रहा, वहीं दुकानदारों की भारी भीड़ देखने को मिली। मेला बेगुपर में कुश्ती के पहलवानों की भरी भीड़ रही। जिसमें 51 हजार रुपए की कुश्ती जैलाफ के पहलवान विजयी रहा। वहीं उनिंदा, घाटासेर, गणियार, अहरी गांवों के पहलवानों ने एक सौ एक से लेकर 21 सौ रुपये तक की कुश्तियां जीती।

जगदम्बा मेला बेगपुर में रात्रि में विशाल रागिनी कम्पीटीशन में आयोजन किया गया। कम्पीटीशन में अरुण बोस राता, कृष्ण बामला, हास्य कलाकार राजबाला बहादुरगढ़, सोनू यादव व पायल चौधरी पलवल ने भजन व रागिनियों पर भक्त भाव विभोर हो गए। सभी कलाकारों को मुख्यातिथि राव ओमप्रकाश इंजीनियर ने माता का स्मृति चिन्ह एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

सरकार किसानों के अधिकारों का हनन करने पर तुली है : राजाराम

किसानों की जमीनों को हड़पने के बाद उनकी मांगों की ओर गंभीर नहीं

किसानों के अधिकारों का हनन हो रहा है: ठाकुर राजाराम

सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। जेवर हाईवे उतार चढ़ाव संघर्ष समिति की ओर से चल रहे अनिश्चितकालीन धरना अभी भी जारी है। मालूम हो कि रविवार को किसान एकत्रित होकर एक्सप्रेस निर्माण स्थल पर पहुंचे। वहां पर काम कर रहे मजदूरों को निर्माण में लगी मशीनों को बंद करा दिया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद किसान दोबारा धरना पर लौटे आए। किसानों के धरने को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ठाकुर राजाराम ने कहा कि किसानों के अधिकारों का हनन करने पर तुली है, किसानों की जमीनों को हड़पने के बाद अब किसानों की मांगों की ओर कतई गंभीर नहीं है। उन्होंने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि उनकी खुद की जमीन इस हाईवे में एक्वायर हुई है, लेकिन 2008 से आज तक उन्हें मुआवजा नहीं मिला। वर्ष 2014 में कांग्रेस ने जो भूमि अधिग्रहण कानून बनाया था, उसके तहत मुआवजे भाजपा सरकार ने नहीं दिए। उन्होंने कहा कि नियमानुसार इस हाईवे से किसानों को उतार चढ़ाव मिलना चाहिए लेकिन अपनी इस जायज मांग के लिए ग्रामीण दर-दर की ठोंकरे खाने को मजबूर हो रहे है, लेकिन उनकी कही कोई सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने किसानों की सभी मांगों का समर्थन करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने पर उन्हें जेवर एक्सप्रेसवे से उतार-चढ़ाव दिलवाया जाएगा और उनकी अन्य मांगें भी पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि धरने को लेकर उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुडडा से भी चर्चा की है जिसके चलते वह भी किसानों के बीच पहुंच सकते हैं।

मेरी माटी, मेरा देश मुहिम के तहत दिल्ली पहुंचेगी माटी

सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरु किए गए मेरी माटी, मेरा देश मुहिम के तहत कलश लेकर दिल्ली प्रस्थान करने का समय आ गया है। जिला प्रशासन ने इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। दिल्ली में हमारे जिले फरीदाबाद का प्रतिनिधित्व करेंगे लोकसभा निगरानी समिति के संयोजक ओमप्रकाश रैक्सवाल। सोमवार को नगर निगम कमिश्नर ए. मोना श्रीनिवास ने ओमप्रकाश रैक्सवाल को कलश सौंप दिया। बता दें कि आजादी के अमृत महोत्सव की गूंज के बीच बलिदानियों को सम्मान देने के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी ने मेरी माटी, मेरा देश अभियान शुरु किया था। जिसके तहत देशभर में अमृत कलश यात्रा निकालने के साथ-साथ देश के विभिन्न हिस्सों से 7500 कलश दिल्ली पहुंचेंगे। जिनकी माटी से नेशनल वॉर मेमोरियल के निकट अमृत वाटिका विकसित की जाएगी। फरीदाबाद से कलश लेकर दिल्ली जाने के लिए चुने गए ओमप्रकाश रैक्सवाल ने कहा कि फरीदाबाद बलिदानियों की भूमि रही है। लगभग हर गांव से वीरों ने अपनी शहादत दी है। जिन्हें नमन करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। यह अतुलनीय कार्य करने का जिम्मा प्रशासन की तरफ से उन्हें मिला है। वह फरीदाबाद के शहीदों के गांव की माटी को लेकर दिल्ली पहुंचेंगे।

सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर होगा रन फॉर यूनिटी का आयोजन

एकता व भाईचारा का संदेश देते हुए दौड़ेगा हर वर्ग: वैशाली

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर जिला में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। नारनौल में जिला स्तरीय तथा महेंद्रगढ़ व कनीना में उप मंडल स्तर पर इन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए अधिकारी अभी से तैयारी शुरू कर दें। यह निर्देश अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह (आईएएस) ने आज कम्यूनिटी पुलिसिंग तथा आउटरीच कार्यक्रम के विशेष अधिकारी पंकज नैन के साथ रन फॉर यूनिटी को लेकर हुई वीडियो कांफ्रेंस के बाद अधिकारियों को दिए। एडीसी ने बताया कि हर वर्ष की तरह 31 अक्टूबर को होने वाले इस कार्यक्रम में जिला महेंद्रगढ़ में पूरी जन भागीदारी रहेगी। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी लगभग 3 किलोमीटर की दौड़ लगाएंगे। प्रतिभागियों को सुबह 6ः30 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचना होगा। प्रत्येक श्रेणी में पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नारनौल में रन फॉर यूनिटी का आयोजन आईटीआई नारनौल से नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम तक रहेगा। सुबह ठीक 7 बजे नारनौल आईटीआई से इस रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इस दौरान स्कूल व कॉलेज के बच्चे, नेहरू युवा केंद्र के युवा, सीनियर सिटीजन, महिलाएं तथा आम नागरिक समाज में एकता व भाईचारा का संदेश देते हुए रन फॉर यूनिटी में शामिल होंगे। इस दौरान युवा हाथ में तिरंगा लिए दौड़ लगाएंगे।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए संबंधित एसडीएम नोडल अधिकारी होंगे। प्रतिभागियों को अंतिम बिंदु से वापस छोडऩे के लिए रोडवेज बसों की व्यवस्था होगी। कार्यक्रम के लिए सभी अधिकारी आज से ही तैयारी शुरू कर दें ताकि इस कार्यक्रम को धूमधाम से मनाया जा सके। इस अवसर पर एसडीएम मनोज कुमार, नगराधीश डा. मंगल सेन, डीएसपी जितेंद्र कुमार के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

चोरी व हत्या में फरार आरोपियों को पकड़कर किया राजस्थान पुलिस के हवाले

महेंद्रगढ़ पुलिस अपराध पर अंकुश लगाने के लिए कर रही है सख्त कार्रवाई

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन एवम् नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा ना केवल जिले के अपितु दूसरे जिलों व दूसरे राज्यों के अपराधियों पर भी नजर रखी जा रही है और उन पर कार्रवाई की जा रही है। महेंद्रगढ़ पुलिस ने राजस्थान के चोरी और हत्या के दो अलग-अलग मामलों में फरार आरोपियों को काबूकर राजस्थान पुलिस के सुपुर्द किया है। पुलिस ने चोरी के मामले में आरोपी राजकुमार उर्फ मोनू वासी शोभापुर को पकडक़र थाना महेश नगर जयपुर दक्षिण की पुलिस टीम के हवाले किया, आरोपी के खिलाफ सन् 2011 में वाहन चोरी का मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में आरोपी वांछित था, जिसे थाना सदर नारनौल की टीम ने पकडक़र राजस्थान के जिला जयपुर दक्षिण पुलिस के हवाले किया है। महेंद्रगढ़ पुलिस ने हत्या के मामले में आरोपी मुकेश वासी गोद बलाहा को पकडक़र थाना रतनगढ़ जिला चूरू पुलिस के हवाले किया है, आरोपी के खिलाफ सन् 2012 में थाना रतनगढ़ में अपहरण, हत्या व आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज हुआ था। आरोपी राजस्थान के वांछित अपराधियों की सूची में शामिल था, जिसे महेंद्रगढ़ पुलिस ने पकडक़र राजस्थान के जिला चूरू पुलिस के हवाले किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि महेंद्रगढ़ पुलिस अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। दूसरे जिलों/राज्यों में क्राइम कर जिले में आकर छुपने वालों पर भी पुलिस कार्रवाई कर रही है। ऐसे आरोपियों को पकडक़र संबंधित थाना की पुलिस टीम के सुपुर्द किया जा रहा है। महेंद्रगढ़ पुलिस ने चोरी व हत्या के अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को पकडक़र राजस्थान के संबंधित थाना की पुलिस टीम के हवाले किया, आरोपी इन मामलों में पिछले करीब 12 सालों से फरार चल रहे थे।

रामलीला

नौवे दिन अक्षय वध व लंका दहन लीला का हुआ मंचन

मेघनाथ ने लक्ष्मण पर किया शक्ति प्रहार, हनुमान ने संजीवनी लाकर बचाए प्राण

राम सेतु निर्माण, अंगद रावण संवाद व लक्ष्मण शक्ति की लीला का मनमोहक मंचन हुआ

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट चांदुवाडा में रामलीला के गयारहवें दिन रविवार रात्रि राम सेतु निर्माण, अंगद रावण संवाद व लक्ष्मण शक्ति की लीला का मनमोहक मंचन मंझे हुए कलाकारों द्वारा मनोज वर्मा के कुशल निर्देशन में किया गया। रामलीला ट्रस्ट के संरक्षक शंभुदयाल गर्ग ने बताया कि रविवार को दीपक हरित ने राम, मनोज वर्मा ने लक्ष्मण, विशाल हरित ने रावण, तरूण सोनी ने हनुमान, मोहित सोनी ने अंगद, सत्यनारायण हरित ने सुशैन वैद्य, रॉकी सोनी ने जामवंत, भवानी वर्मा ने सुग्रीव, सत्यनाराण वर्मा ने विभीषण, नरेश बादल ने कालनेमी राक्षस के किरदारों में अपने जीवंत अभिनय से रामलीला मंचन को चार चांद लगा दिए। रविवार को मुख्यातिथि नगरपरिषद अध्यक्षा कमलेश सैनी ने रिबन काटकर रामलीला का शुभारंभ किया।

कार्यकारिणी सदस्य विनोद सर्राफ ने बताया कि रामलीला के गयारहवें दिन की लीला में लंका दहन के बाद हनुमान प्रभ राम को सीता माता का संदेश सुनाते हैं और लंका पर चढ़ाई करने के लिए श्रीराम समुद्र देव के सुझाव पर वानर सेना के नल व नील की सहायता से समुद्र पर सेतु बनाने से पूर्व पूजा अर्चना हेतु ब्राह्मण के रूप में प्रकांड ज्ञाता रावण को आमंत्रित करते हैं। पूजन हेतु यजमान के साथ उनकी पत्नी का होना भी अत्यंत आवश्यक है, इसलिए रावण अपने साथ श्रीराम की पत्नी सीता को भी लेकर आता है और राम सीता से पूजन संपन्न करवाता है। बांध कर लंका नगरी में प्रवेश करते हैं। लंका पहुंचकर श्रीराम युद्ध से पूर्व राजकुमार अंगद को शांतिदूत बनाकर रावण के दरबार में भेजते हैं। जहां अंगद के लाख समझाने पर भी रावण माता सीता को लौटाने को तैयार नहीं होता, तब अंगद रावण के दरबार में अपना पैर जमाकर कहते हैं कि अगर तुम्हारी सभा से किसी ने मेरे पैर को हिला भी दिया तो श्रीराम अपनी हार स्वीकार कर अयोध्या वापिस लौट जाएंगे। रावण व अंगद संवाद से दर्शक उत्साहित होकर जय श्रीराम के नारे लगाने लगे। इसके बाद रामलीला मंचन के अत्यंत मशहूर दृश्य लक्ष्मण शक्ति के दौरान महापराक्रमी लक्ष्मण और इन्द्र को जीतने वाले अतिबलशाली मेघनाथ के बीच घोर युद्ध के उपरांत मेघनाथ लक्ष्मण पर वरदान से प्राप्त अपनी अमोघ शक्ति का प्रयोग करता है। जिससे लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं। तब भगवान श्रीराम अपने भाई के वियोग में अत्यंत करूणामय हो कहते हैं कि अब माता सुमित्रा को में क्या जवाब दूंगा। जमीन से ऊपर हवा में लेटे लक्ष्मण के आगे संताप करते प्रभु राम को देख भक्तजनों की आंखे भी नम हो गई।

भोजावास में भी हुआ लीला का मंचन

नारनौल। श्री आदर्श रामलीला क्लब भोजावास में रामलीला के नौंवे दिन अशोक वाटिका, अक्षय कुमार वध व लंका दहन की लीला का मनमोहक मंचन मंझे हुए कलाकारों द्वारा रण सिंह रोहिल्ला के कुशल निर्देशन में किया गया। रामलीला क्लब के सदस्य नरेंद्र सिंह नीनू ने बताया कि रविवार को सुनील रोहिल्ला ने राम, बिरेंद्र भारद्वाज ने लक्ष्मण, रण सिंह रोहिल्ला ने हनुमान, अशोक गोयल ने सुग्रीव, कृष्ण रोहिल्ला ने अंगद, रावण, रविंद्र कौशिक ने विभीषण, का बाबूलाल पूर्व सरपंच ने सीता, का किरदार तनुज रोहिल्ला ने बखूबी से निभाया वह दर्शकों की जमकर तालियां बटोरी वही जामवंत, नरेंद्र नीनू ने नल, सोमवीर तंवर ने नील, सुनील कौशिक ने मंदोदरी, बल्ली सैन ने मेघनाथ एवं रवि सैन ने अक्षय कुमार के किरदारों में अपने जीवंत अभिनय से दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरी। नरेंद्र सिंह नीनू ने बताया कि रामलीला के नौंवे दिन की लीला में माता सीता की खोजते हुए राम भक्त हनुमान लंका में पहुंचकर रावण के भाई विभीषण से मुलाकात करते हैं। विभीषण उन्हें बताते हैं कि रावण ने माता सीता को अशोक वाटिका में रखा है। विभीषण से जानकारी लेकर हनुमान लंका की अशोक वाटिका में पहुंचकर माता सीता को प्रभु श्री राम की मुद्रिका निशानी के रूप में दिखाते हैं और उन्हें भरोसा दिलाते हैं कि प्रभु श्री राम अब जल्दी ही लंका पर चढ़ाई कर उन्हे सकुशल वापिस अवश्य ले जाएंगे। इसके बाद पवन पुत्र हनुमान अपनी क्षुधा शांत करने के लिए अशोक वाटिका में लगे केले, सेव, अमरूद इत्यादि के पेड़ों को तोड़ तोड़ कर खा जाते हैं और अशोक वाटिका को तहस नहस कर उजाड़ देते हैं। रामलीला मैदान में उपस्थित सभी दर्शकों ने अशोक वाटिका उजाड़ते समय हनुमान जी द्वारा फेंके गए केले सेव के प्रसाद को हर्षोल्लास के साथ प्राप्त किया। अशोक वाटिका में उत्पात के समाचार पाकर लंकापति रावण अपने पुत्र अक्षय कुमार को अशोक वाटिका में भेजते हैं, जहां राम भक्त हनुमान अक्षय कुमार का वध कर देते है।

24page 8_01.qxd 10/23/2023 7:30 PM Page 1